वर्ष : 15 अंक : 52 | प्रत्येक गुरुवार प्रकाशित | अनूपपुर 28 से 03 जनवरी 2023 | मूल्य 2.00 | पृष्ठ 8 | Epaper-www.fatwasamachar.com



डाक पंजी-SDL-0019/2025
RNI-MPHIN/2008/24599

# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छतीसगढ का लोकप्रिय समाचार पत्र
आपका विश्वास

**सुविचार**

लगातार श्रम करना ही आपकी सफलता का साथी है, इसलिए श्रम को सकारात्मक बनाएं विनाशक नहीं।

### दिल्ली में कोहरे का रेड अलर्ट,: मप्र-राजस्थान में कम विजिबिलिटी से 9 सड़क हादसे

# 55 गाड़ियां टकराईं, 8 लोगों की मौत

**नई दिल्ली। दिल्ली में कोहरे को लेकर रेड अलर्ट है। घनी धुंध के कारण रेलवे, सड़क और एयर रूट प्रभावित हुए हैं। दिल्ली के पालम में बुधवार (27 दिसंबर) सुबह 7 बजे 50 मीटर से भी कम विजिबिलिटी रही। दिल्ली एयरपोर्ट पर 110 फ्लाइट्स लेट हो गईं। दो फ्लाइट्स डायवर्ट की गई हैं।**

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में घने कोहरे के कारण मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक 9 सड़क हादसे हुए। इनमें 6 यूपी और 3 राजस्थान की घटनाएं हैं। इन हादसों में 55 गाड़ियां टकरा गईं। दोनों राज्यों में 8 लोगों की मौत हुई है। 49 लोग घायल हैं।

यूपी में आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर बुधवार सुबह 15 गाड़ियां टकरा गईं। इसमें 1 की मौत हो गई। 6 लोग घायल हो गए। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 25 वाहन आपस में टकरा गए। इसमें 5 लोग घायल हो गए। मेरठ में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौत हो गई।

उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार देर रात 6 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 1 शख्स की मौत हो गई। 16 लोग घायल हैं। बागपत में एक मिनी बस और ट्रक की भिड़ंत में दो महिलाओं की मौत हो गई। 13 लोग घायल हो गए।

राजस्थान के भरतपुर में एक बस और ऑटो की भिड़ंत हुई। इसमें एक महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई। हनुमानगढ़ में एक बस और जीप की टक्कर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। सीकर में ह॥-52 पर दो कार और एक बस टकराने से 6 लोग घायल हो गए।

हरियाणा में शहर से लेकर ग्रामीण इलाके कोहरे की चपेट में है। कुछ जगहों पर विजिबिलिटी 5 मीटर से भी कम हो गई है। ये तस्वीर सोनीपत की है। यहां सुबह घना कोहरा छाया रहा।



हरियाणा में शहर से लेकर ग्रामीण इलाके कोहरे की चपेट में है। कुछ जगहों पर विजिबिलिटी 5 मीटर से भी कम हो गई है। ये तस्वीर सोनीपत की है। यहां सुबह घना कोहरा छाया रहा।

IMD ने असम में भी घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार सुबह 6:50 बजे गुवाहाटी में ठंड के साथ कोहरा छाया रहा।

IMD ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत 14 राज्यों में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के अलावा पंजाब और हरियाणा में भी रेड अलर्ट है। पंजाब के अमृतसर में आज सुबह 5:30 बजे विजिबिलिटी जीरो पहुंच गई थी।

पंजाब से सटे हरियाणा के अंबाला, पेहोवा, कैथल, शाहाबाद और गुहला में सुबह 8 बजे विजिबिलिटी 10 से 50 मीटर तक रही। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा में 28 दिसंबर तक घने कोहरे का अनुमान है। 29 दिसंबर से 30 दिसंबर तक हल्का कोहरा छाया रहेगा।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आज सुबह 200 मीटर विजिबिलिटी रही। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन में भी धुंध छाई रही। IMD के मुताबिक, स्क्क में 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक बारिश के साथ ओले गिरने के आसार हैं।

IMD ने बुधवार सुबह 5˜15 बजे का सैटलाइट इमेज जारी किया है। इसमें पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, उत्तरी राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में बहुत घना कोहरा छाया है।

IMD ने बुधवार सुबह 5˜15 बजे का सैटलाइट इमेज जारी किया है। इसमें पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, उत्तरी राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में बहुत घना कोहरा छाया है।

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहेगा। यहां विजिबिलिटी रेंज 50 मीटर तक रहने का अनुमान है। निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। देश में 29 दिसंबर तक मौसम शुष्क बना रहेगा। 29 दिसंबर की रात से पश्चिमी हिमालय में बारिश और बर्फबारी शुरू हो सकती है।

गंगा के मैदानी इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे का अनुमान है। अगले 2 दिनों के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी प्रसाद मौर्य पर बीजेपी का चौतरफा वार, अखिलेश यादव और सोनिया गांधी पर लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** भाजपा ने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की उनकी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की हिंदू धर्म पर नवीनतम विवादास्पद टिप्पणी के लिए आलोचना की है। पार्टी के एक सांसद ने मौर्य की टिप्पणी के लिए अखिलेश यादव के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की। सोमवार को एक बहुजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म को %%छलावा%% बताया था। मौर्य ने कहा था कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत दो बार कह चुके हैं कि हिंदू नाम का कोई धर्म नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। प्रधानमंत्री मोदी भी कह चुके हैं कि कोई हिंदू धर्म नहीं है। जब ये लोग ऐसे बयान देते हैं तो भावनाएं आहत नहीं होती लेकिन अगर स्वामी प्रसाद मौर्य यही कहते हैं तो अशांति फैलती है। उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा सांसद शुभ्रत पाठक ने कहा, 'स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर से हिंदू धर्म के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया है। यह अखिलेश यादव और सोनिया गांधी हैं जो उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेता बार-बार हिंदू विरोधी बयान दे रहे हैं। लेकिन अब हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते. मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध करता हूं कि वह अखिलेश यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव आयोग से भी अनुरोध करूंगा कि वह स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों पर ध्यान दे और समाजवादी पार्टी पर प्रतिबंध लगाए।

### निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से 30 लोग दबे, दो मजदूरों की मौत

**महराजगंज।** महराजगंज जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कोल्हुई थाना क्षेत्र के रुदलापुर गांव में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से 30 लोग दब गए। इस घटना में दो मजदूर की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। मृतकों की पहचान नीरज (20) निवासी बेलवा खुर्द और दूसरा पिपरा परसीनी निवासी ऐश कुमार (25) के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई है।

### सबरीमला में हजारों श्रद्धालुओं ने की मंडला पूजा, अब फिर से कपाट खुलने का इंतजार

**सबरीमला।** केरल में भक्त ों ने मंडला पूजा की एक झलक पाने के लिए काफी इंतजार किया, जो आखिरकार खत्म हो ही गया। सबरीमला में स्थित भगवान अयप्पा के प्रसिद्ध मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। मंगलवार शाम को एक शोभायात्रा के दौरान मंदिर परिसर 'सन्निधानम' में एक पवित्र सुनहरी पोशाक थंका अंकी लाई गई थी। इस पोशाक को भगवान अयप्पा को पहनाया गया फिर मंडला पूजा की गई। मंदिर परिसर 'सन्निधानम' में अपने सिर पर इरुन्मुदिकेट्टू' की पवित्र पोटली लिए और स्वामी शरणम अयप्पा मंत्रों का जाप करते हुए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। वहीं, पूजा मंदिर के मुख्य पुजारी कंडारारू महेश मोहनारू के नेतृत्व में सारी रीति रिवाज से पूजा की गई। मंडला पूजा केरल का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार सबरीमाला अयप्पा मंदिर में मनाया जाता है। यह पूजा 41 दिनों की लंबी तपस्या के समाप्त होने का प्रतीक है, जिसे मंडला कलाम के नाम से जाना जाता है। यह त्योहार भगवान अयप्पा के भक्त ों द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मान्यता है मंडला पूजन करने वाले व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। सन्निधानम और उसके आसपास घंटों कतार में खड़े केरल और बाहर के हजारों तीर्थयात्रियों के अलावा त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) के प्रमुख अधिकारी भी समारोह के दौरान गर्भगृह के समक्ष मौजूद थे।मंडला पूजा के तुरंत बाद मंदिर के दरवाजे बंद कर दिए गए। भक्त ों के लिए शाम को फिर से मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे।

### पहलवानों से चर्चा के बाद राहुल गांधी बोले-

## अपने हक और न्याय की लड़ाई सड़कों पर लड़नी पड़े तो...



**नई दिल्ली।** कुश्ती के अखाड़े में राजनीतिक दांव पेंच लगाने की कोशिश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज पहलवान दीपक पूनिया के गांव पहुंच गए। छारा गांव में राहुल ने वीरेंद्र अखाड़े में पहलवानों से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी के साथ बजरंग पुनिया भी मौजूद रहे। इसके बाद राहुल ने एक एक्स पोस्ट भी किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि वर्षों की जीतोड़ मेहनत, धैर्य एवं अप्रतिम अनुशासन के साथ अपने खून और पसीने से मिट्टी को सींच कर एक खिलाड़ी अपने देश के लिए मेडल लाता है। आज झज्जर के छारा गांव में भाई विरेंद्र आर्य के अखाड़े पहुंच कर ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया समेत अन्य पहलवान भाइयों के साथ चर्चा की। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि सवाल सिर्फ एक है - अपने अखाड़े की लड़ाई छोड़ अगर इन खिलाड़ियों, भारत की बेटियों को अपने हक और न्याय की लड़ाई सड़कों पर लड़नी पड़े तो कौन अपने बच्चों को यह राह चुनने के लिये प्रोत्साहित करेगा? उन्होंने कहा कि यह किसान परिवार के निश्छल, सीधे एवं सरल लोग हैं, इन्हें तिरंगे की सेवा करने दीजिए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ने बनाया रिकॉर्ड, पीएम बोले-

## मोदी की गारंटी पर बढ़ा लोगों का विश्वास

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है, दूर-दूर के गांवों तक पहुंच रहा है।**



युवा हो, महिला हो या गांव के वरिष्ठ नागरिक हों, ये सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इस महा-अभियान को सफल बनाने के लिए मैं आप सभी देशवासियों के आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के जीवन में बदलाव 'साहस, संतुष्टि और सपनों' से भरी कहानी है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए। लेकिन ये यात्रा अबतक लाखों गांवों में पहुंच चुकी है। ये अपने आपमें एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों जब-जब मुझे इस यात्रा से जुड़ने का अवसर मिला है, तो मैंने एक बात नोट की है। जिस प्रकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बातें सामने रखते हैं, उन्हें सुनकर मैं खुद विश्वास से भर जाता हूं। उन्होंने कहा कि आज देश के कोटि-कोटि लाभार्थी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के माध्यम बन रहे हैं। वे सहायता पाने के बाद रुकते नहीं हैं, बल्कि इसमें से एक नई ताकत प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अधिक परिश्रम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। यात्रा के दौरान मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है। लगभग 1.25 करोड़ लोगों का हेल्थ चेकअप हो चुका है।

### सीएए देश का कानून, इसे लागू होने से कोई नहीं रोक सकता पश्चिम बंगाल में शाह का बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम देश का कानून है और कोई भी इसके कार्यान्वयन को रोक नहीं सकता है। शाह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। कोलकाता में नेशनल लाइब्रेरी में राज्य भाजपा के सोशल मीडिया और आईटी विंग के सदस्यों की एक बैठक को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा कि सीएए को लागू करना पार्टी की प्रतिबद्धता है। शाह ने विश्वास जताया कि पार्टी राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 35 से अधिक सीटें हासिल करेगी। 2019 के चुनावों में, भगवा पार्टी ने 18 सीटें जीतीं। बंगाल भाजपा मीडिया सेल ने बंद कमरे में आयोजित कार्यक्रम में शाह के भाषण के संकेतों की एक सूची साझा की। बाद में, इसने शाह के भाषण की कुछ वीडियो क्लिप भी साझा कीं। अमित शाह ने कहा कि हमें अगले विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने के लिए काम करना है।

### बिना नाम लिए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेताया, बोले-

## युद्ध भी जीतेंगे और आतंकवाद का भी सफाया करेंगे

**नई दिल्ली। बुधवार को जम्मू पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्षेत्र में आतंकवादी हमले के कुछ दिनों बाद वहां की जमीनी स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज राजौरी का दौरा किया, जिसमें दो कैप्टन सहित चार सैन्यकर्मियों की मौत हो गई थी।**



आतंकी हमले के बाद इलाके में तीन नागरिकों की भी मौत हो गई। राजौरी में सेना के जवानों से बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए और आतंकवाद को खत्म करने के लिए इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे लिए हर सैनिक बेहद महत्वपूर्ण है, हमारा हर एक सैनिक परिवार के सदस्य के समान है। आपके ऊपर कोई नज़र डाले यह हमें कतई बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने में सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस एजेंसी दोनों महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके लिए शासन की तरफ से जिस भी सहयोग की आवश्यकता होगी उसके लिए सरकार का खज़ाना खुला हुआ है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध भी जीतेंगे और आतंकवाद का भी सफाया करेंगे। हम सभी नागरिकों का दिल जीतना सुनिश्चित करेंगे। आप सभी के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और इसके लिए हम सदैव आपके आभारी रहेंगे। इससे पहले दिन में सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे जम्मू पहुंचे। पिछले सप्ताह गुरुवार को राजौरी सेक्टर में थानंडी के पास भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें तीन अन्य कर्मी भी घायल हो गए थे।

### संसद अंधेरे-गहरे चैंबर में बदली, लोकसभा की सुरक्षा में सेंध मामले में केंद्र की चुप्पी पर डेरेक



**नई दिल्ली।** इस माह की शुरुआत में लोकसभा कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो लोगों ने सभी को उस वक्त चौंका दिया था, जब वे अचानक वहां से कूदकर सांसदों के बीच जा पहुंचे थे। इस घटना को लेकर विपक्ष दल लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। अब तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने केंद्र पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि संसद गहरे-अंधेरे चैंबर में तब्दील हो गई है। ओ ब्रायन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि जब साल 2001 में संसद पर हमला हुआ था, उस समय संसद में खुलकर तीन दिन तक चर्चा हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने लोकसभा और राज्यसभा में बयान दिए थे। वहीं, अब इस साल हुए हमले पर ध्यान दिया जाए तो सरकार चुप है। गृह मंत्री के बयान देने की मांग करने पर 146 सांसद निलंबित कर दिए गए। गौरतलब है, 13 दिसंबर को सुरक्षा के पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के बावजूद लखनऊ निवासी सागर शर्मा और मैसूर निवासी डी. मनोरंजन संसद में जूते में छिपाकर स्मोक केन (धुआं बम) लेकर घुस गए थे।

**चिंता**

### 40 और नए मामले सामने आए

# 8 राज्यों में फैल चुका है कोरोना का नया वैरिएंट

**नई दिल्ली। भारत में 26 दिसंबर तक कोविड-19 के जेएन.1 उप-संस्करण के 40 और मामले दर्ज किए गए, जिससे संस्करण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 109 हो गई है। सूत्रों ने बताया कि गुजरात से 36 मामले, कर्नाटक से 34, गोवा से 14, महाराष्ट्र से 9, केरल से 6, राजस्थान से 4, तमिलनाडु से 4 और तेलंगाना से 2 मामले सामने आए हैं।**



नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वी के पॉल ने पिछले हफ्ते कहा था कि अधिकारी नए संस्करण की बारीकी से जांच कर रहे हैं। हालाँकि, उन्होंने कहा कि राज्यों को परीक्षण प्रक्रिया में तेजी लाने और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता है। भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 529 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,093 दर्ज की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के संक्रमण से तीन लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 से कर्नाटक में दो और गुजरात में एक मरीज की मौत हुई है। ठंड और कोरोना वायरस के नए उपस्वरूप के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी। वर्ष 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग चार वर्षों में देश भर में कोरोना वायरस से लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए तथा इससे 5.3 लाख से अधिक मौतें हुईं।

### संपादकीय

## पहलवानी को पटखनी

देश की राजधानी और हरियाणा समेत विभिन्न राज्यों में भारतीय कुश्ती संघ के शीर्ष नेतृत्व पर कदाचार के आरोपों के चलते जो धरना-प्रदर्शन हुए, उन्हें पूरी दुनिया ने देखा था। जाहिर है दुनिया में भारतीय खेलों खासकर कुश्ती को लेकर कोई अच्छा संदेश नहीं गया। देश के असली पहलवान राजनीतिक पहलवानों के आगे लाचार नजर आए। यह दुखद ही था कि देश में मध्यम व गरीब परिवारों से आए पहलवानों की कड़ी मेहनत को प्रतिष्ठा नहीं मिल पायी। हम उन खिलाड़ियों को न्याय नहीं दिला पाये जो कड़े अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों के बाद देश के लिये पदक लेकर आए। यह उनकी तपस्या जैसी कड़ी मेहनत का ही फल होता है कि परदेस में भारतीय तिरंगा लहराये और राष्ट्रगान की धुन गूंजे। कालांतर कुश्ती संघ का यह विवाद अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तक पहुंचने से हमारी साख को बट्टा लगा। जिसका नतीजा ये हुआ कि विश्व कुश्ती की सर्वोच्च संचालन संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग यानी यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया। दरअसल, तदर्थ पैनल को 45 दिन के भीतर कुश्ती महासंघ के चुनाव कराने को कहा गया था। लेकिन इस अवधि में चुनाव नहीं हुए। निस्संदेह, यह अप्रिय फैसला देश की प्रतिष्ठा पर आंच आने जैसा है। ये उन खिलाड़ियों के साथ अन्याय है जो अपना जीवन दांव पर लगाकर देश के लिये पदक लाते हैं। फैसला उनके मनोबल पर प्रतिकूल असर डालेगा। वे अब तिरंगे के साये में आगामी विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। उन्हें अब तटस्थ खिलाड़ी के रूप में भाग लेना होगा। उल्लेखनीय है कि जो खिलाड़ी आगामी विश्व चैंपियनशिप में विजेता होंगे, उनका चयन पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये होगा। जाहिरा तौर पर एक राष्ट्र के ध्वज तले न खेल पाना खिलाड़ियों के मनोबल गिराने जैसा ही है। भारतीय कुश्ती महासंघ पर इस लापरवाही की जवाबदेही बनती है। ऐसे में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू के निर्देशों के चलते समय रहते चुनाव क्यों नहीं किये गये।

यहां सवाल ये उठता है कि जब कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर कदाचार के आरोप लगाकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पहलवान आंदोलन कर रही थीं तो खेल मंत्रालय ने मामले की गंभीरता को क्यों नहीं समझा। यदि समय रहते कार्रवाई होती और चुनाव होते तो वैश्विक स्तर पर भारत की किरकिरी नहीं होती। सवाल यह भी है कि जब तीन माह पूर्व यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने चुनाव कराने और समय पर चुनाव न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी, तो खेल मंत्रालय ने इस मुद्दे को गंभीरता से क्यों नहीं लिया? निस्संदेह, असम कुश्ती संघ व हरियाणा कुश्ती संघ के अदालत चले जाने से चुनाव कराने में बाधा उत्पन्न हुई। लेकिन इस कार्रवाई के बाबत यूडब्ल्यूडब्ल्यू को अवगत कराकर संवाद के जरिये कोई समाधान निकालने का कोई प्रयास तो किया जा सकता था। इसमें दो राय नहीं कि यह स्थिति राजनीतिक रस्साकशी के चलते उत्पन्न हुई है।

# प्रभावी सीखने की आदतों के लिए मार्गदर्शिका



प्रभावी संचार सफल टीम वर्क और नेतृत्व की नींव है जो आत्मविश्वास पैदा करता है और व्यक्ति को अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में सक्षम बनाता है कक्षा के संरचित वातावरण से कक्षों की गतिशील दुनिया में परिवर्तन एक छात्र के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जैसे ही औपचारिक शिक्षा का अध्याय बंद होता है और पेशेवर क्षेत्र का दरवाजा खुलता है, युवा मन को एक रोमांचक लेकिन चुनौतीपूर्ण यात्रा का सामना करना पड़ता है। उसी यात्रा से गुज़रने के बाद, मैं शुरुआत से ही प्रभावी सीखने की आदतें विकसित करने के महत्व पर ज़ोर दे सकता हूँ। इसमें इस संक्रमण के दौरान परिवर्तनकारी क्षमता शामिल है और इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान सफलता के लिए आधार तैयार करता है। पारंपरिक शिक्षा मॉडल प्रचुर मात्रा में ज्ञान प्रदान करता है, संज्ञानात्मक क्षमताओं को निखारता है और छात्रों को अकादमिक रूप से तैयार करता है। जैसे-जैसे छात्र क्यूबिकल्स, बोर्डरूम और सह-कार्यशील स्थानों पर जाते हैं, उन्हें नई चुनौतियों, अवसरों और जिम्मेदारियों का सामना करना पड़ता है। आधुनिक कार्यस्थल के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए, छात्रों को सीखने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिसमें बौद्धिक कौशल और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने वाले सॉफ्ट कौशल की एक श्रृंखला शामिल हो। आजीवन शिक्षार्थी बनें– सीखना स्नातक स्तर की पढ़ाई के साथ समाप्त नहीं होता है; यह एक आजीवन यात्रा है. इस निरंतर विकसित हो रही दुनिया में, प्रासंगिक और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए निरंतर सीखना महत्वपूर्ण है। संगठन उन कर्मचारियों को महत्व देते हैं जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। निरंतर सीखने में उद्योग के रुझान, प्रौद्योगिकी प्रगति और बाजार बदलाव के साथ अद्यतन रहना शामिल है। छात्रों को ब्लॉग, उद्योग प्रकाशनों और पेशेवर मंचों के माध्यम से सूचित रहते हुए, अपने वांछित क्षेत्रों के विकसित परिदृश्य पर नज़र रखनी चाहिए। मास्टर टाइम मैनेजमेंट– समय प्रबंधन सफलता की आधारशिला है। असाइनमेंट के लिए समय सीमा को पूरा करने से लेकर कार्यस्थल पर परियोजनाओं को पूरा करने तक, प्रभावी समय प्रबंधन महत्वपूर्ण है। समय को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करना सीखने में समय प्रबंधन में अपनी ताकत और कमजोरियों को समझना शामिल है। छात्रों के लिए, विभिन्न गतिविधियों पर बिताए गए समय पर नज़र रखना उन क्षेत्रों की पहचान करने में फायदेमंद होगा जहां वे सुधार कर सकते हैं। स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करके और उन्हें क्रियान्वित कार्यों में बांटकर शुरुआत करें। आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ाएं– कार्यस्थल में आलोचनात्मक ढंग से सोचने की क्षमता को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। आलोचनात्मक सोच में जानकारी का विश्लेषण करना, धारणाओं पर सवाल उठाना और अच्छी तरह से सूचित निर्णय लेना शामिल है। आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए, ऐसे पाठ्यक्रमों की तलाश करनी चाहिए जो खुली चर्चा और जटिल मुद्दों की खोज की अनुमति दें। केस स्टडीज, बहस और अनुसंधान परियोजनाओं में भाग लेने से आलोचनात्मक सोच क्षमताओं में वृद्धि होती है। अनुकूलनशीलता और लचीलापन– आज के तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में, अनुकूलनशीलता आवश्यक है। अनुकूलन क्षमता विकसित करने के लिए, छात्र अपने आराम क्षेत्र से बाहर के अनुभवों की तलाश कर सकते हैं। इंटर्नशिप, स्वयंसेवी कार्य, या विदेश में अध्ययन में संलग्न होने से व्यक्तियों को विविध स्थितियों और संस्कृतियों का पता चलता है, जिससे अनुकूलनशीलता को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, असफलताओं से सीखने और विकास के अवसर के रूप में बदलाव को अपनाने की इच्छा छात्र जीवन से कॉर्पोरेट जगत तक की यात्रा को और अधिक फायदेमंद बनाएगी। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का पोषण करें– भावनात्मक बुद्धिमत्ता (ईआई) स्वयं और दूसरों में भावनाओं को पहचानना और प्रबंधित करना है। कार्यस्थल में, ईआई संबंध बनाने, संघर्षों को सुलझाने और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर महारत हासिल करना आपको स्थापित कर देगाएक प्रभावी टीम खिलाड़ी और नेता के रूप में अलग। छात्रों को आत्म-जागरूकता, सहानुभूति और मजबूत पारस्परिक कौशल विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित करने के लिए, छात्र सक्रिय रूप से उन गतिविधियों में संलग्न हो सकते हैं जो आत्म-जागरूकता और सहानुभूति को बढ़ाती हैं। माइंडफुलनेस प्रथाओं, प्रतिबिंब अभ्यासों में संलग्न होना और साथियों से प्रतिक्रिया मांगना व्यक्तिगत विकास और भावनात्मक बुद्धिमत्ता में योगदान कर सकता है। सहयोग और नेटवर्किंग को अपनाएं– आधुनिक कार्यस्थल में सहयोग एक आवश्यक कौशल है। नेटवर्किंग नौकरी के अवसरों, मार्गदर्शन और विभिन्न उद्योगों में अंतर्दृष्टि के द्वार खोल सकती है। एक छात्र के रूप में, अपनी सहयोगी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए समूह परियोजनाओं, टीम-आधारित असाइनमेंट और पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। इसके अलावा, नेटवर्किंग इवेंट, करियर मेले और उद्योग सम्मेलन सार्थक संबंध बनाने में मदद कर सकते हैं। संचार कौशल को परिष्कृत करें– प्रभावी संचार सफल टीम वर्क और नेतृत्व की नींव है। छात्र सार्वजनिक भाषण, लेखन और प्रभावी संचार पर पाठ्यक्रम या कार्यशालाएँ तलाश सकते हैं। प्रस्तुतियों, सार्वजनिक भाषण और लेखन कार्यों में नियमित रूप से शामिल होकर अपने लिखित और मौखिक संचार कौशल को निखारें। कॉर्पोरेट जगत में, विचारों को संप्रेषित करने, सहकर्मियों और ग्राहकों के साथ संबंध बनाने और प्रभावी टीम वर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए स्पष्टता और अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण है। वाद-विवाद क्लब, सार्वजनिक भाषण क्लब या पत्रकारिता जैसी पाठ्येतर गतिविधियों में संलग्न होने से संचार कौशल के व्यावहारिक अनुप्रयोग के अवसर मिल सकते हैं।

### प्रेरक प्रसंग

## तीन कसौटियाँ




प्राचीन यूनान में सुकरात अपने ज्ञान और विद्वता के लिए बहुत प्रसिद्ध था। सुकरात के पास एक दिन उसका एक परिचित व्यक्ति आया और बोला, मैंने आपके एक मित्र के बारे में कुछ सुना है।

ये सुनते ही सुकरात ने कहा, दो पल रूकें, मुझे कुछ बताने से पहले मैं चाहता हूँ कि हम एक छोटा सा परीक्षण कर लें जिसे मैं 'तीन कसौटियों का परीक्षण' कहता हूँ।

तीन कसौटियाँ? कैसी कसौटियाँ?, परिचित ने पूछा।

हाँ, सुकरात ने कहा, मुझे मेरे मित्र के बारे में कुछ बताने से पहले हमें यह तय कर लेना चाहिए कि आप कैसी बात कहने जा रहे हैं, इसलिए किसी भी बात को जानने से पहले मैं इन कसौटियों से परीक्षण करता हूँ।

इसमें पहली कसौटी सत्य की कसौटी है। क्या आप सौ फीसदी दावे से यह कह सकते हो कि जो बात आप मुझे बताने जा रहे हो वह पूर्णतः सत्य है?

नहीं, परिचित ने कहा, दरअसल मैंने सुना है कि–

ठीक है, सुकरात ने कहा, इसका अर्थ यह है कि आप आश्वस्त नहीं हो कि वह बात पूर्णतः सत्य है। चलिए, अब दूसरी कसौटी का प्रयोग करते हैं जिसे मैं अच्छाई की कसौटी कहता हूँ।

मेरे मित्र के बारे में आप जो भी बताने जा रहे हो क्या उसमें कोई अच्छी बात है?

नहीं, बल्कि वह तो–, परिचित ने कहा.

अच्छा, सुकरात ने कहा, इसका मतलब यह है कि आप मुझे जो कुछ सुनाने वाले थे उसमें कोई भलाई की बात नहीं है और आप यह भी नहीं जानते कि वह सच है या झूठ। लेकिन हमें अभी भी आस नहीं खोनी चाहिए क्योंकि आखिरी यानि तीसरी कसौटी का एक परीक्षण अभी बचा हुआ है; और वह है उपयोगिता की कसौटी।

जो बात आप मुझे बतानेवाले थे, क्या वह मेरे किसी काम की है?

नहीं, ऐसा तो नहीं है, परिचित ने असहज होते हुए कहा। बस, हो गया, सुकरात ने कहा, जो बात आप मुझे बतानेवाले थे वह न तो सत्य है, न ही भली है, और न ही मेरे काम की है, तो मैं उसे जानने में अपना कीमती समय क्यों नष्ट करूं?

दोस्तों आज के नकारात्मक परिवेश में हमें अक्सर ऐसे लोगों से पाला पड़ता है जो हमेशा किसी न किसी की बुराईयों का ग्रन्थ लेकर घूमते रहते हैं और हमारे बीच मतभेद पैदा करने को कोशिश करते रहते हैं, इनसे निबटने के लिए सुकरात द्वारा बताई गयी इन तीन कसौटियों, सत्य की कसौटी, अच्छाई की कसौटी और उपयोगिता की कसौटी को आप भी अपने जीवन में अपनाकर अपना जीवन सरल और खुशहाल बना सकते हैं।

# दवाओं का उत्पादन कुटीर उद्योग जैसा न हो

इस माह के शुरू में, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने एक अधिसूचना के माध्यम से पंजीकृत चिकित्सा पेशेवर (आरएमपी) के लिए दिशा-निर्देश 2023 जारी किए थे। इसमें रोगी, जनता और अपने सहयोगियों के प्रति एक आरएमपी का कर्तव्य और उत्तरदायित्व बताए जाने के अलावा, अपने कौशल में बढ़ोतरी हेतु समय-समय पर व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह थी, रोगियों को आकर्षित करने और इसके लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की मनाही थी। निर्देशों में यह भी कहा गया था कि आरएमपी रोगी-पर्ची पर केवल जेनेरिक दवाओं के नाम ही लिखेंगे और इसका उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई होगी, जिसमें चिकित्सा लाइसेंस तक रद्द हो सकता है। हालांकि चिकित्सकों के अखिल भारतीय संघ (आईएमए) के विरोध के बाद ये निर्देश फिलहाल स्थगित किये जा चुके हैं।

सरकार के आर्थिक सर्वे के अनुसार, विश्व के कुल दवा उत्पादन में 20 फीसदी अंश के साथ भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता है। करीब 200 से अधिक मुल्कों को 50 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की दवाएं निर्यात होती हैं और सभी प्रकार के वैक्सीनों की 60 फीसदी भारत में तैयार होती हैं। अमेरिका से इतर भारत में एफडीए मानकों के अनुरूप दवाएं बनाने वाली दवा उत्पादन इकाइयां सबसे अधिक हैं। तभी तो भारत को 'दुनिया का दवाखाना' कहा जाता है।

भारत ने अपने बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सकल घरेलू उत्पाद का 1.5 फीसदी खर्च का प्रावधान किया है। गैर-सरकारी इलाज के लिए लोगों को अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है। किसी के कर्जाई होने के पीछे इलाज पर होने वाले व्यय एक बड़ा कारण है। इसलिए पूछना तार्किक है कि चिकित्सकों से केवल जेनेरिक दवाओं के नाम लिखने के फरमान से उपजी उनकी चिंता क्या जायज है? नई खोज से या मिश्रणों से दवा बनाने वाली कंपनी के पास उसके मूल फार्मूले का पेटेंट अलग-अलग अवधि के सालों तक रहता है और बिक्री पेटेंटेड या फिर प्रोप्राइटरी दवा के तौर पर होती है। इस दौरान यह दवा महंगी होती हैं क्योंकि इसकी खोज-अनुसंधान पर आया खर्च, क्लिनिकल टेस्ट, बिक्री-उपरांत सर्वे इत्यादि पर हुआ व्यय निकालना होता है। पेटेंट अवधि के खत्म होने के बाद, उस दवा को अलग-अलग कंपनियां बना सकती हैं और इन्हें जेनेरिक दवाएं कहा जाता है, यह सस्ती इसलिए होती हैं क्योंकि मूल दवा बनाने पर आयी तमाम लागत बच जाती है। जेनेरिक दवाएं या तो ब्रांडेड हो सकती हैं या फिर अनब्रांडेड। रोगी-पर्ची पर किसी दवा का नाम लिखते समय आपस में जुड़े यह दोनों बिंदु मौजूद होते हैं। पहला, यह कौन तय करेगा कि किसी खास उत्पादक द्वारा बनाई दवा ही इस्तेमाल करनी है और दूसरा, रोग को ठीक करने में दवा की गुणवत्ता और प्रभावशीलता कितनी है।

चिकित्सकों का अखिल भारतीय संघ (आईएमए) ने जेनेरिक दवाओं के नाम लिखने को अनिवार्य बनाने वाली धारा का विरोध किया और मांग की कि सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखने के फरमान पर अमल करने से पहले दवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली अभेद व्यवस्था बनाई जाये। इस ओर ध्यान दिलाया गया कि वर्तमान व्यवस्था में सरकार किसी एक दवा के लिए विभिन्न दवा उत्पादकों को अनुमति देती है। नतीजतन, आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली कुछ दवाओं के सैकड़ों ब्रांड मिल जाते हैं। इनमें कुछ लघु इकाइयों में बनती हैं जिनकी गुणवत्ता संदिग्ध है। उदाहरणार्थ, पेंटो एक दवा बनाने वाली 250 से अधिक कंपनियां हैं तो 150 के ज्यादा उत्पादनकर्ता एमै उत्पादन बना रहे हैं। शायद और भी हों, क्योंकि काफी कंपनियों का नाम इंटरनेट सर्च सूची में दिखाई नहीं देता। कायदे से इनमें 0.1 फीसदी से भी कम दवाओं का गुणवत्ता परीक्षण देश में हुआ होगा। चिकित्सक संघ का कहना था कि यदि एनएमसी चाहती है कि केवल जेनेरिक दवाओं का ही इस्तेमाल हो, तब तो सरकार दवा बनाने वालों को बगैर ब्रांड नाम वाली दवा बनाने का लाइसेंस सीधे दे दिया करे। वर्तमान में चिकित्सक अपने अनुभव से एक खास ब्रांड की दवा प्रभावशीलता पाने के बाद लिखते हैं। यदि केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखेंगे तो यह कैमिस्ट पर निर्भर होगा कि वह अपने पास उपलब्ध जेनेरिक दवाओं में किसको बेचना चाहेगा। इस सूरत में जिम्मेवारी कैमिस्ट पर आ जाएगी, जो किसी दवा को विशुद्ध प्रभावशीलता के आधार पर नहीं बल्कि कतिपय कारणों से बेचना चाहेगा, मसलन, कितना मुनाफा बनेगा। एनएमसी की एक सिफारिश यह भी है कि दवाएं जन औषधि स्टोर से खरीदी जाएं, जिनके पास अक्सर बहुत किस्म की दवाएं नहीं मिलतीं। मुख्य दवा उत्पादन कंपनियां जेनेरिक दवाएं वैसे भी नहीं बनाती। भारत में दवा की गुणवत्ता को लेकर चिकित्सक प्रश्न उठाते आए हैं। एक जेनेरिक दवा से उम्मीद होती है कि वह गुणवत्ता के पैमानों पर खरी उतरे, जैसे कि कैमिकल इक्वीवेंलेंट, फार्माकोकिनेटिक्स, बायोएवेलिबिल्टी, साल्यूबिल्टी चैक, सर्टलिटी, डिस्सोल्यूशन, प्योरिटी और नेचर ऑफ एक्पीएंट इत्यादि। कुछेक बड़े दवा निर्माताओं को छोड़कर, जेनेरिक दवाएं अधिकांशतः छोटी कंपनियां बनाती हैं। उनमें कुछ तो कमरे जितनी जगह में चल रही इकाइयों में बनती हैं। यानी कच्चे माल की गुणवत्ता से लेकर वास्तविक उत्पादन चरण तक क्वालिटी कंट्रोल और टेस्टिंग का सारा काम वहीं होता है और ऐसी इकाइयों में मानकीकरण कम ही होता है। बहुत-सी जगह, कैमिस्टों ने आमतौर पर लिखी वाली दवाएं बनाने को अपनी खुद की उत्पादन इकाइयां चला रखी हैं। विभिन्न उत्पादकों की दवा कीमतों के बीच काफी अंतर होना इस तथ्य का प्रतिपादन है कि उत्पादन प्रक्रिया एवं मानकीकरण में एकरूपता नहीं है। इंडियन फार्माकोपोइया (आईपी) एंड हाउ इट इम्पैक्ट्स ड्रग क्वालिटी नामक अध्ययन में उदाहरण देकर बताया गया है कि दवा उत्पादन करते वक्त आईपी निर्दिष्ट नियमन का पालन करने में इंटरनेशनल कांउसिल फॉर हार्मोनिसेशन ऑफ रिक्वायरमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल फॉर ह्यूमन यूज़ के दिशा-निर्देशों की अवहेलना अक्सर की जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसी संस्था के मानकों को दवाओं की वैश्विक कसौटी के तौर पर मान्यता देता है। जेनेरिक दवाओं के रासायनिक समतुल्यों के लिए आईपी के मानक भी अलग-अलग हैं। वर्ष 2017 तक, जेनेरिक दवा उत्पादकों को बायोइक्वीवेलेंट अध्ययन करने की जरूरत नहीं थी। इसलिए हो सकता है बाजार में एक समान कैमिकल मॉलिक्यूल वाली दवाएं एक जैसी न हों। जेनेरिक दवा और खोज करने के बाद बनी मूल दवा में अंतर को स्थापित करने के लिए हाल में हुआ अध्ययन प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल माइकोसेस में प्रकाशित हुआ है, इसमें इट्राकोनाज़ोल नामक एंटी-फंगल एजेंट और मूल इन्नोवेटर मॉलिक्यूल के बीच तुलना की गई है।

### चिंतन-मनन

## सफलता का मार्ग

संग्रह की वृत्ति बहिमरुखता का लक्षण है। साधक क्षणजीवी होता है। अतीत की स्मृति और भविष्य की चिंता वह करता है जो आत्मस्थ नहीं होता। वर्तमान में जीना आत्मस्थता का प्रतीक है। एक साधक कल की जरूरत को ध्यान में रखकर संग्रह नहीं करता, पर एक व्यवसायी सात पीढ़ियों के लिए पूरी व्यवस्था जुटाने में संलग्न रहता है। यह बात सही है कि साधक अशरीरी नहीं होता, शरीर की अपेक्षाओं को वह गौण नहीं कर सकता; पर दैहिक अपेक्षाओं को लेकर वह मूढ़ नहीं हो सकता। उसका विवेक जागृत रहता है। वह अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है और आकांक्षाओं पर नियंत्रण रखता है। कभी-कभी साधक के जीवन में भी स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति जाग सकती है। प्रश्न उठता है कि इन वृत्तियों का उत्स क्या है? कौन-सी अभिप्रेरणा इन्हें उभरने का अवसर देती है? मेरे अभिमत से इन तीन संस्कारों का उद्भव तीन आकारों से होता है। वे तीन आकार हैं- अहं, अश्रम और असंतोष। स्वच्छंदता की मनोवृत्ति वहीं सक्रिय होती है, जहां अहंकार का नाग फन उठाए रखता है। अहंवादी व्यक्ति स्वयं को सब कुछ समझता है। उसे अपने सामने अन्य सभी लोग बौने दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति में वह न तो किसी से मार्गदर्शन ले सकता है और न किसी के नियंत्रण में रह सकता है। सुविधावाद का भाव वहां विकसित होता है जहां व्यक्ति श्रम से जी चुराता है, अपनी क्षमता का उपयोग नहीं करता और पुरुषार्थ में विश्वास नहीं करता। अश्रम का बीज ही आगे जाकर सुविधावाद के रूप में पल्लवित होता है। इस दृष्टि से साधना के साथ श्रमशीलता की युति आवश्यक है। संग्रह वृत्ति का बीज है असंतोष। जिस व्यक्ति को पदार्थ में संतोष नहीं होता, वह संग्रह करने की बात सोचता है। जिस समय जैसा पदार्थ उपलब्ध होगा, उसी से आवश्यकता की पूर्ति हो जाएगी- यह विधायक चिंतन असंतोष की जड़ को काट सकता है और संग्रह की मनोवृत्ति को बदल सकता है। साधना की सफलता स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति में नहीं है।

# सक्सेस मंत्र: हर सफल व्यक्ति में होती हैं ये आदतें, आप भी जान लीजिए

**आज के समय में हर व्यक्ति सफल होना चाहता है। सफलता पाने के लिए लोग मेहनत भी करते हैं, लेकिन कई बार उन्हें अपनी परिश्रम का फल नहीं मिलता है। कहते हैं कि सफल व्यक्तियों के अंदर कुछ आदतें होती हैं। अपनी इन आदतों के कारण ही वह सफल होता है। अगर आप भी जीवन में पाना चाहते हैं सफलता तो जानिए सफल व्यक्ति की ये आदतें-**



1. सफल लोग एक काम में सिर्फ एक बार गलती करते हैं और अपनी गलतियों से सीखना चाहते हैं।
2. सफल लोग परेशानियों के आने से पहले ही उसका सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।
3. सफल व्यक्ति कभी किसी के बारे में बुरा नहीं सोचता है। बल्कि वह इसे समय की बर्बादी समझता है।
4. सफल व्यक्ति अपने से बड़े हर व्यक्ति का सम्मान करता है।
5. सफल लोगों का सिर्फ एक ही लक्ष्य होता है।
6. सफल लोग कल पर भरोसा नहीं करते हैं। वो जो भी करना चाहते हैं, उसे आज ही करना चाहते हैं।
7. सफल लोग खुद से अपनी तारीफ नहीं करते हैं।
8. सफल लोग किसी को भी परेशान नहीं करते हैं। वह हर व्यक्ति की मदद के लिए तैयार रहते हैं।
9. सफल लोग एक साथ कई काम कर सकते हैं।
10. सफल लोग बेहद कम गुस्सा करते हैं।
11. सफल लोग हर समय कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करते रहते हैं। समय बर्बाद करना उन्हें बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता।
12. सफल व्यक्ति अपने काम को अंजाम तक पहुंचाने के लिए कठिन मेहनत करता रहता है। उसका सिर्फ एक ही मकसद होता है कि लक्ष्य प्राप्त करना।

# विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये 8 जनवरी तक करें आवेदन

भोपाल

जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन 06 दिसंबर से भरेजाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन की अंतिम तारीख 8 जनवरी 2024 (शाम 5 बजे तक) है। परीक्षा प्रवेश-पत्र 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से डाउनलोड किये जा सकेंगे। परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी।

### आवेदन प्रक्रिया

कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियाँ, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के अलावा वे बच्चे,जिन्होंनेअपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद/उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in/MPTAAS के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरूद्ध चयन के लिए पात्र होंगे।विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा, विस्तृत गाइड लाइन एवं विद्यालयों की सूची तथा रिक्त सीटों के विवरण संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

## मदरसा बोर्ड की 5 वीं एवं 8 वीं की अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा के निर्देश जारी

**भोपाल**। सचिव, मदरसा बोर्ड द्वारा 5 वीं और 8 वीं की अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं। सचिव ने बताया है किम.प्र. मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त एवं राज्य शिक्षा केन्द्र से डाईस कोड प्राप्त मदरसों की वार्षिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं पूर्व वर्ष की भांति राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा-निर्देश एवं समय सारणी अनुसार आयोजित होंगी। इसकी सूचना प्रदेश के समस्त मदरसों को बोर्ड द्वारा दी जा चुकी है।मदरसा बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्माण राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्लूप्रिंट अनुसार मदरसा स्तर पर कराकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आयोजन उपरांत हर कक्षा के प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्रों की एक-एक प्रति बी.आर.सी. कार्यालय में अनिवार्यतः जमा कराई जाए। समस्त मदरसे अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मदरसा प्रभारी एवं बी.आर.सी. कार्यालय के सतत् संपर्क में रह कर अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश अनुसार समय सीमा में पूर्ण करायें। जिन मदरसों को डाईस कोड आवंटित नहीं हुआ है, वह मदरसा बोर्ड की मान्यता के आधार पर अपने जिला शिक्षा केन्द्र से डाईस कोड आवंटित कराने के लिये शीघ्र संपर्क करें।

### नवोदय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए परीक्षा 20 जनवरी 2024 से

जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़ जिला भोपाल में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा-2023, शनिवार 20 जनवरी 2024 को भोपाल जिले के 10 केन्द्रों पर होगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध है। अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश-पत्र ऑनलाइन navodaya.gov.in या cbseitms.rcil.gov.in/nvs/admitcard/ से प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो दूरभाष 0755-2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843-59571 पर सपंर्क किया जा सकता है।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के आवेदन 31 तक आमंत्रित

मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्याम से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 80 से अधिक पर्सेन्टाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिए तथा वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन केवल ऑनलाइन ही भरेंगे। विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल http://www.scholarships.gov.in पर सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिए उपलब्ध दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### "शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना" में छात्रवृत्ति आवेदन 31 दिसम्बर तक कर सकेंगे

शैक्षिणिक वर्ष 2023-24 के लिये "शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना" में लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र प्री-मेट्रिक छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल http://scholarships.gov.in पर आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर 31 दिसम्बर 2023 कर दिया गया है। योजना में प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाइड और लोह मैंग्नीज आयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शैक्षिणिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वित्तीय सहायता योजना में कक्षा एक से उच्च शिक्षा गृहण करने पर छात्रवृत्ति, गणवेश की राशि 1000 रूपये अधिकतम 25000 रूपये स्वीकृत की जाती है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने और पात्रता संबंधित जानकारी और अन्य शर्तें देखी जा सकती है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की स्वच्छ एवं पठनीय प्रतियाँ संलग्न करे। आवेदन के बाद अपने अध्ययन शिक्षण संस्थान से संपर्क स्थापित कर आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन कर स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ही अग्रेषित करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन के सत्यापन कराये जाने की जिम्मेवारी छात्र-छात्रा की होगी।

### प्रदेश में 3 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति

**भोपाल**। प्रदेश में इस वर्ष अब तक 3 लाख 30 हजार विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई गई है। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में लगभग 459 करोड़ रूपये की राशि का वितरण किया गया है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति के अंतर्गत 32 लाख 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 263 करोड़ की राशि का वितरण किया गया है। पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11, 12 और स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्याथियों को उपलब्ध कराई गयी है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है।

#### विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च अध्ययन करने के लिये पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष इस योजना का लाभ चयनित 44 विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में करीब 7 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की अभिनव योजना का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। इस वर्ष कन्सट्रक्शन सेक्टर में 45 और केयर वर्कर सेक्टर में 15 चयनित युवाओं को विभाग द्वारा प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। इनमें से 5 युवाओं का रोजगार हेतु चयन जापान स्थित निजी संस्थानों में भी हो चुका है।

## रामगंज मंडी से भोपाल रेल लाईन निर्माण - कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा ने की समीक्षा

भोपाल

कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा ने रेल्वे और राजगढ़-सीहोर तथा भोपाल के कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि वे रामगंज मंडी से भोपाल तक की नई रेल लाईन निर्माण के कार्य में और तेजी लाने के लिए भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में समन्वयपूर्वक कार्यवाही करें । वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए मंगलवार को हुई बैठक में मुख्य परियोजना प्रबंधक रेल्वे विजय पांडे, कलेक्टर सीहोर प्रवीण् सिंह, प्रभारी कलेक्टर राजगढ़ और एडीएम भोपाल हरेन्द्र नारायण सहित रेल्वे के अधिकारी श्री वसीम उपस्थित थे ।

बैठक में राजगढ़ के प्रभारी कलेक्टर ने बताया कि नरसिंहगढ़ के 20 गांवों के प्रभावित किसानों में से 19 गांव के किसानों का भुगतान हो गया है और शेष एक गांव के प्रभावितों को भी आगामी 10 दिन में राशि भुगतान कर दी जाएगी । छह गांवों में से 4 में भी अवार्ड पारित की कार्यवाही की जा चुकी है । कमिश्नर डॉ. शर्मा ने रेल्वे को मुरम आदि के लिए दो गांवों में संयुक्त भ्रमण कर अमृत सरोवर के रूप में जमीन आवंटन के निर्देश दिए हैं । उन्होंने न्यायालय में भूमि अधिग्रहण संबंधी प्रकरणों में भी समन्वय से जवाब आदि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अन्य प्रकरणों में भी त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं ।

बैठक में सीहोर कलेक्टर ने बताया कि 7 बिंदुओं में से 2 का निराकरण हो गया है । उन्होंने बताया कि ग्राम इमलिया में धारा 23 का प्रकाशन हो गया है और मुआवजा वितरण जारी है । ग्राम बैरागढ़ सुमान, बिछिया, इमलिया हसन एवं दोराहा में भी धारा 23 का प्रकाशन हो गया है और किसानों को अवार्ड राशि दी गई है । श्यामपुर में भी प्रभावितों को मुआवजा राशि दी जा चुकी है । रेल लाईन निर्माण में 3 अतिक्रमण की बाधा भी दूर की गई है ।

बैठक में भोपाल के एडीएम हरेन्द्र नारायण ने बताया कि भोपाल के ग्राम मुगालिया हाट, दौलतपुर, टिकरिया, मीरपुर वीरान और झिरनिया में धारा 23 की कार्यवाही जारी है जबकि बरखेड़ा बोंदर में धारा 19 की कार्यवाही शेष है । कमिश्नर ने उक्त प्रकरण में शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं । उन्होंने शासकीय भूमि को रेल्वे के लिए हस्तांतरण का प्रकरण शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है । रेल्वे लाइन निर्माण में निशातपुरा के अतिक्रमण हटाने पर भी रेल्वे को उचित प्रस्ताव जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं । बैठक में रेल्वे के अधिकारी भी उपस्थित थे ।

## मलेरिया उन्मूलन के लिए बांटी जाएंगी मेडिकेटेड मच्छरदानियां

भोपाल

वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन के लए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2030 तक मलेरिया एलिमिनेशन का लक्ष्य रखा है, इसी क्रम में भोपाल जिले में मलेरिया नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदाय मेडिकेटेड मच्छरदानियों का वितरण लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भोपाल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी के निर्देशन में किया जाएगा।

जिला मलेरिया अधिकारी श्री अखिलेश दुबे ने बताया कि भोपाल जिला वर्तमान में कैटेगरी एक में है एवं बहुत ही कम संख्या में मलेरिया के केस है, हम जिले को कैटेगरी शून्य में लाना है, जितना कम केस होते है वहां काम करने की ज्यादा आवश्यकता होती है, अतः विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार भोपाल जिले में लगभग डेढ़ लाख मच्छरदानियों का वितरण चिन्हित ग्रामों में किया जाएगा, विगत वर्ष 2019 में मेडिकेटेड मच्छदानियों का वितरण किया गया था, जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा एवं मलेरिया के केसो में काफी संख्या में कमी आई है अतः पुनः उन्ही ग्रामों में इनका वितरण किया जाएगा। साथ ही लोगों को मच्छरदानी के उपयोग के लिए क्या करें, कैसे इसका उपयोग और और क्या न करे, के बारे में अभियान चलाकर जागरूक किया जाएगा।

## नौकरी का झांसा देकर आदिवासी युवती से किया दुष्कर्म

भोपाल

राजधानी के बजरिया इलाके में एक 20 साल की आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है, आरोपित ने उसे नौकरी का झांसा देकर उसके साथ घटना की। घटना की शिकायत पीडिता ने थाने में एफआइआर दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।बजरिया थाना प्रभारी केडी राजावत ने बताया कि सागर की रहने वाली पीडित युवती उनके थाना क्षेत्र में अकेली रहती है, कुछ दिनों से वह नौकरी की तलाश कर रही थी , कुछ दिन पहले उसके पास एक फोन आया और उसने अपना नाम भैया लाल मीणा बताया।

## कैंसर पीड़ित और एक दिव्यांग को दी कलेक्टर सिंह ने आर्थिक सहायता

भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह ने जनसुनवाई में मंगलवार को 88 से अधिक आवेदनों पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह के समक्ष आए कैंसर पीड़ित निवासी छोला श्री राहुल अहिरवार को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी को निर्देश दिए। साथ ही 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता भी दी गई। इसके साथ ही मूकबधिर दिव्यांग बच्ची को आशा निकेतन स्कूल के हॉस्टल फीस के




लिए 12 हजार 500 रूपये, करोंद क्षेत्र निवासी मूकबधिर राखी जोशी की स्कूल फीस माफ कराने के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए।

जनसुनवाई में सभी एडीएम श्री प्रकाश सिंह चौहान, सुश्री अंकिता धाकरे, श्री भूपेन्द्र गोयल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व सैनिकों की टुकड़ी में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

भोपाल

भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की वीरगाथा को कायम रखने के लिए 26 जनवरी 2024 को लाल परेड ग्राउण्ड में राज्य स्तरीय परेड में भूतपूर्व सैनिकों की एक टुकडी विगत कई वर्षों से भाग ले रही है जिसमें 51 भूतपूर्व सैनिकों का चयन किया जाना है।

ग्रुप केप्टन अभिताभ रावत, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, भोपाल एवं ले० कर्नल राजेश कुमार सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, टीकमगढ़ द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की टुकड़ी का चयन सैनिक विश्रामगृह, भोपाल में 28 एवं 29 दिसम्बर 2023 एवं 03 जनवरी 2024 को प्रातः 11.00 बजे से किया जाएगा ।

परेड में भाग लेने वाले इच्छुक भूतपूर्व सैनिकों जिनकी उम्र 50 वर्ष या उससे कम है और जिसमें हवलदार रैंक तक के समतुल्य है वे एयर फोर्स एवं वायु सेना के सैनिक अपने पंजीयन के लिए डिस्ज्चार्ज बुक एवं पहचान पत्र के साथ 27 दिसम्बर 2023 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भोपाल में उपस्थित होकर पंजीयन करवा सकते हैं ।

## भोपाल के लोगों के खातों से हर दिन छह लाख रुपये उड़ा देते हैं साइबर ठग

**भोपाल**। भोपालियों के खातों से हर दिन छह लाख रुपये साइबर ठग उड़ा देते हैं। इनके जाल में उलझकर इस साल अभी तक शहरवासी 22 करोड़ रुपये गंवा चुके हैं। हालांकि 5785 शिकायतों के बाद साइबर क्राइम पुलिस ने 99 लाख रुपये होल्ड कर लिए हैं।

इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि करीब 1213 ठगी यूपीआइ और क्यूआर कोड की मदद से आनलाइन की गई है। शिकायतों के अनुसार ठगी के नौ मामलों में आधार कार्ड की मदद ली गई है। साइबर पुलिस उपायुक्त का मानना है कि समय-समय पर लोगों को साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए एडवाइजरी जारी कर रहे हैं। इसके बाद भी ठग अलग-अलग तरीके से झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसा लेते हैं।

### 5785 शिकायतें पहुंची

बता दें कि साइबर क्राइम के पास जनवरी से 15 दिसंबर 2023 तक 5785 शिकायतें पहुंची हैं। इनमें भोपाल के रहने वाले लोगों ने करीब 22.62 करोड़ रुपये खाते से धोखे से निकालने की बात कही है। इस लिहाज से हर माह करीब 1.96 करोड़ की राशि साइबर ठगों ने भोपालियों के खातों से निकाले हैं।

यूपीआइ एप और क्यूआर कोड की मदद से सबसे ज्यादा ठगी की गई है। करीब 1213 शिकायतें इससे ठगी को लेकर दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर 1008 शिकायतें इंटरनेट मीडिया पर शोषण की हैं। तीसरे नंबर पर 666 शिकायतें एटीएम और क्रेडिट कार्ड की मदद से ठगी की है।

## प्लाइवुड के गोदाम में आग, लाखों रूपये का माल जलकर खाक

भोपाल

बैरागढ़ स्थित नगर निगम जोन कार्यालय के पास एक फर्नीचर एवं प्लाइवुड गोदाम में लगी आग से लाखों रूपये का माल जलकर खाक हो गया। नगर निगम की दमकलों ने सूचना मिलते ही आग बुझाना शुरू कर दिया लेकिन बिजली कंपनी का अमला देर से पहुंचा। समय पर बिजली कनेक्शन विच्छेद नहीं करने के कारण आग बुझाने में विलंब हुआ।

बीती रात करीब 12 बजे नेहरू पार्क के पीछे स्थित साई प्लाइवुड सेंटर के गोदाम से आग की लपटें उठती देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकलों से आग बुझाते समय शटर से करंट आ रहा था क्योंकिबिजली बंद नहीं थी। बिजली विभाग का अमला आने के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुकान के संचालक कम्मू आसवानी के अनुसार गोदाम में प्लाइवुड, सनमाइका, ताले एवं फेविकोल



आदि रखा था। करीब 18 लाख रूपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। गोदाम के निकट ही नगर निगम का जोन कार्यालय, सरकारी बैंक एवं अन्य दुकानें हैं। समय पर काबू पा लेने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

## तीन दिन से लापता युवक का शव बड़ा तालाब में मिला

**भोपाल**। कोहेफिजा थाना पुलिस ने बड़ा तालाब से एक युवक का दो दिन पुराना शव बरामद किया है। वह पिछले दो दिनों से अपने घर से लापता था। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर को खानूगांव स्थित बड़ा तालाब में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव को पानी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान खानूगांव निवासी 45 वर्षीय रणजीत पुत्र तुलसीराम विश्वकर्मा के रूप में हुई। वह खानूगांव में रहने वाले मोहम्मद खालिद के यहां घरेलू काम काज करता था। रणजीत शनिवार को अचानक अपने घर से लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो स्वजन ने थाने में उसकी गुशुदगी दर्ज कराई थी।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

शाहपुरा थाना पुलिस के मुताबिक बाग मुगालिया निवासी 22 वर्षीय कैलाश पुत्र लालाराम जाटव सोमवार दोपहर बाबड़ियाकलां स्थित रेलवे लाइन पर किसी ट्रेन की चपेट में आ गया था। जिससे उसकी मौके पर ही पुलिस इस बात का पता लगने का प्रयास कर रही है कि युवक ने ट्रेन के सामने आकर खुदकुशी की है या वह हादसे का शिकार हुआ है। इधर, ऐशबाग थाना पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को पुल बोगदा के नीचे रेल पटरी से अज्ञात लगभग 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया था। शव की तलाशी के दौरान ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जिससे मृतक की पहचान हो सके।

## प्रत्येक माह की एक तारीख को ही सरकारी कर्मियों के वेतन के निर्देश

भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह ने आहरण एवं संवितरण अधिकारी जिला कोषालय भोपाल को निर्देश दिए है कि प्रत्येक माह की एक तारीख को सभी शासकीय सेवकों को वेतन भुगतान किया जाए। उल्लेखनीय है कि म.प्र. कोषालय संहिता 2020 के सहायक नियम 109 (3) में प्रावधनित है कि सभी आहरण संवितरण कार्यालयों के प्रत्येक शासकीय सेवक का मासिक वेतन आगामी माह की 5 तारीख तक न होने की स्थिति में विलंब के लिये संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी की जबावदेही होगी।

कलेक्टर ने कहा कि निर्देशों की अवहेलना की जाकर मासिक वेतन के देयक नियत समय में कोषालय में प्रस्तुत नही किये जा रहें हैं, फलस्वरूप शासकीय सेवकों के वेतन में अनावश्यक विलंब की स्थिति निर्मित हो रही है, इसके अतिरिक्त अधिकाशं कार्यालय उनके अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों का मासिक वेतन STOP SALARY PAYMENT के माध्यम अथवा विलंब से आहरित करते हैं, किन्तु STOP SALARY PAYMENT एवं विलंब से भुगतान के संबंध में, उसका कारण एवं सक्षम स्वीकृति संलग्न नही की जाती है, जिससे त्रुटिपूर्ण भुगतान एवं वित्तीय अनियमितता, गबन की स्थिति बन सकती है।

उन्होंने निर्देश दिए है कि माह के अंतिम कार्य दिवस के पूर्व सभी प्रकार के वेतन देयक पारित किये जाने के लिए कोषालय में ऑनलाईन प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें

## डीइओ कार्यालय में शौचालय नहीं होने से महिला स्टाफ परेशान

भोपाल

प्रदेश के 11 हजार सरकारी स्कूलों में बदहाल शौचालय है। विद्यार्थियों को तो परेशानी हो ही रही है।वहीं महिला अधिकारी भी इससे अछूते नहीं है। स्कूल शिक्षा विभाग में 50 फीसद महिला स्टाफ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भोपाल में परेशान हैं। यह परेशानी मूलभूत सुविधाओं को लेकर है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की अधिकारी व कर्मचारी महिलाएं कई बार इसकी शिकायत कर चुकी हैं। इसके बावजूद इसके इस कार्यालय को सर्वसुविधायुक्त पूरा नहीं किया गया है। दरअसल भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (डीइओ) का भवन तोड़कर नवीन निर्माण किया जा रहा है। नवीन निर्माण में करीब दो साल का समय लगेगा। डीइओ कार्यालय को बगल वाली बिल्डिंग शिक्षक सदन में शिफ्ट किया गया है। शिक्षक सदन में एक ही शौचालय है।जिस पर पुरुष कर्मचारियों कब्जा है, जबकि विभाग में 50 फीसद महिलाएं है। यहां आए दिन स्कूल प्राचार्यों और शिक्षकों की बैठक भी होती रहती है। इससे शिक्षकाओं, महिला प्राचार्यों या महिला स्टाफ को शौचालय नहीं मिल पाता है।

## प्रत्येक माह की एक तारीख को ही सरकारी कर्मियों के वेतन के निर्देश

भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह ने आहरण एवं संवितरण अधिकारी जिला कोषालय भोपाल को निर्देश दिए है कि प्रत्येक माह की एक तारीख को सभी शासकीय सेवकों को वेतन भुगतान किया जाए। उल्लेखनीय है कि म.प्र. कोषालय संहिता 2020 के सहायक नियम 109 (3) में प्रावधनित है कि सभी आहरण संवितरण कार्यालयों के प्रत्येक शासकीय सेवक का मासिक वेतन आगामी माह की 5 तारीख तक न होने की स्थिति में विलंब के लिये संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी की जबावदेही होगी।

कलेक्टर ने कहा कि निर्देशों की अवहेलना की जाकर मासिक वेतन के देयक नियत समय में कोषालय में प्रस्तुत नही किये जा रहें हैं, फलस्वरूप शासकीय सेवकों के वेतन में अनावश्यक विलंब की स्थिति निर्मित हो रही है, इसके अतिरिक्त अधिकाशं कार्यालय उनके अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों का मासिक वेतन STOP SALARY PAYMENT के माध्यम अथवा विलंब से आहरित करते हैं, किन्तु STOP SALARY PAYMENT एवं विलंब से भुगतान के संबंध में, उसका कारण एवं सक्षम स्वीकृति संलग्न नही की जाती है, जिससे त्रुटिपूर्ण भुगतान एवं वित्तीय अनियमितता, गबन की स्थिति बन सकती है।

उन्होंने निर्देश दिए है कि माह के अंतिम कार्य दिवस के पूर्व सभी प्रकार के वेतन देयक पारित किये जाने के लिए कोषालय में ऑनलाईन प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें

## वीर बाल दिवस पर विद्यार्थियों ने शहीद साहेबजादों को दी श्रध्दांजलि

भोपाल

वीर बालदिवस के अवसर पर 26 दिसम्बर को मध्यप्रदेश के स्कूलों में गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे बेटों शहीद जोरावर सिंह और शहीद फतेह सिंह के बलिदान को याद कर उन्हें श्रध्दांजलि दी गई। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी स्कूलों में चित्रकला, क्विज, निबन्ध, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही माता गुजरी और शहीद साहेबजादों के बलिदान पर आधारित फिल्म प्रदर्शन और नाटकों का मंचन भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि दसवें सिख गुरू गोविन्द सिंह जी के वीर पुत्रों, साहिबजादा जोरावर सिंह 9 वर्ष एवं साहिबजादा फतेहसिंह 6 वर्ष ने दिनांक 26 दिसम्बर 1705 को अल्पायु में मातृभूमि के लिये अपने प्राणों की आहुति दी थी।

आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि, भारत सरकार गृह मंत्रालय प्रतिवर्ष दिनांक 26 दिसम्बर को ''वीर बाल दिवस'' मनाये जाने के निर्णय के अनुक्रम में लोक शिक्षण संचालनालय मध्यदेश द्वारा परिपत्र जारी करते हुए प्रदेश की समस्त शिक्षण संस्थाओं में वीर बाल दिवस का आयोजन के निर्देश जारी किये गए थे। तदनुसार इन दोनों महान सपूतों के शौर्य एवं बलिदान को श्रद्धांजलि देने एवं उनसे प्रेरणा लेने मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में इस अवसर पर विशेष बालसभा का आयोजन किया गया। इनमें साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेहसिंह के जीवन से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन, लघु कथा, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, कविता, रंगोली, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त आयोजनों की प्रविष्टि भारत सरकार के सबंधित पोर्टल Mygov/myBharat portal पर भी शालाओं द्वारा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूलों में मनाया गया वीर बाल दिवस



**सालीचौका नरसिंहपुर।** बीते मंगलवार को क्षेत्रीय समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त निर्देशानुसार वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समस्त स्कूलों में आयोजित बालसभा में सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादा फतेहसिंह एवं जोरावर सिंह के शौर्य एवं बलिदान से जुड़ी जानकारी शिक्षको ने छात्र छात्राओं को देते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए दोनों बेटों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। बालसभा में गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों के जीवन से संबंधित लघु फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया । इसके अलावा निबंध लेखन, चित्रकला, वाद विवाद एवं कविता आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमे छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संदेश को भी स्कूलों में दिखाया गया।

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 08 जनवरी तक

**खरगोन।** जिले में संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कन्या शिक्षा परिसर खरगोन में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में कक्षा 6टी में प्रवेश के लिए एमपी टास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। संस्था प्राचार्य श्रीमती वर्षा भटोरे ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 08 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। वहीं परीक्षा की संभावित तिथि 11 फरवरी 2023 निर्धारित की गई है। विशिष्ट विद्यालयों में अनुसूचित जाति वर्ग विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग बैंगा भारिया और गैर अनुसूचित घुमक्क ड़ समुदाय के अलावा अपने माता पिता को वामपंथी उग्रवाद कोविड आदि के कारण खो दिया है, विधवा माँ की संतान, दिव्यांग माता पिता की संतान अनाथ या जिन्होंने विद्यालय भवन के लिए भूमि दान की हो आदि वर्ग के छात्र-छात्राओं व ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों को अध्ययन का अवसर मिलेगा।

### सफाई कर्मचारी डेऊस कोड में नहीं मिलने पर जुर्माना किया



**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को मेघदूत वन पार्किंग, चार धाम मंदिर पार्किंग, हरसिद्धि मंदिर, शेर चौराहा, नृसिंह घाट इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था देखी। एवं सफाई कर्मचारीयों के ड्रेस कोड में नही पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधी कम्पनी पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने महाकाल क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि यहां बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं का आगमन होता है इसलिए यहां की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, नियमित रूप से सफाई की जाए साथ ही यहां के दुकान व्यवसाईयों को भी अपनी दुकान के आस-पास सफाई रखने की समझाईश दी जाए। चार धाम मंदिर से लेकर शेर चौराहा हरसिद्धि मंदिर तक ठेले गुमटियों वालों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उन्हें सख्ती से हटवाया जाए ताकि आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो साथ ही चारधाम मंदिर पर बेरी केटिंग की जाए ताकि बड़े वाहन क्षेत्र में प्रवेश न करें जिससे जाम की स्थिति भी उत्पन्न नही होगी। निगम आयुक्त द्वारा सफाई कार्य के दौरान सफाई कर्मचारी के कार्यस्थल पर ड्रेस कोड में नही पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं संबंधित कंपनी पर 50 हजार का जुर्माना किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। निरीक्षक के दौरान उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, झोनल अधिकारी श्री हर्ष जैन, उपयंत्री श्री मुकुल मेश्राम उपस्थित रहे।

### आईईएस पब्लिक स्कूल में द्वारा तीन दिवसीय क्राफ्ट एंड वेअवेस कार्यशाला का आयोजन

**सीहोर।** आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर में मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स के तत्वाधान में तीन दिवसीय क्राफ्ट एंड वेअवेस कार्यशाला का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह, चेयरपर्सन, आईईएस पब्लिक स्कूल, भोपाल एवं सीहोर द्वारा दीप प्रवालन कर किया। कार्यशाला के दौरान अर्चित सहारे, सहायक निदेशक हस्तशिल्प, कपड़ा मंत्रालय और शैलेन्द्र सिंह राजपूत शिल्प प्रदर्शन-सह-जागरूकता कार्यक्रम

## मप्र सरकार में मंत्री बने अपराजेय उदय प्रताप सिंह

# तीन बार कीर्तिमान रचने वाले सांसद, दो बार विधायक रहे हैं राव

**सालीचौका नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा में भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड 58 हजार मतों से निर्वाचित विधायक व पूर्व नर्मदापुरम सांसद राव उदय प्रताप सिंह का राजनैतिक सफर बेदाग, निर्विवाद व अपराजेय रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच सदैव सहज भाव से सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाले श्री राव को उनके संघर्षपूर्ण राजनैतिक जीवन में जनता का भरपूर साथ व आशीर्वाद मिला।**









मप्र के नर्मदांचल के कृषि समृद्ध व उन्नत नरसिंहपुर जिले के प्रगतिशील कृषक व सुप्रतिष्ठित् राव परिवार के सदस्य उदयप्रताप सिंह नर्मदापुरम/होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से तीन बार सांसद रहे हैं व दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। श्री राव ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने का कीर्तिमान रचा था। उनका नाम पूरे देश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले सांसदों की टॉप 10 सूची में भी शामिल रहा। छात्र राजनीति से सार्वजनिकता में सक्रिय रहे, 59 वर्षीय श्री राव का राजनीतिक सफर नरसिंहपुर जिले के सफलतम चांवरपाठा जनपद के युवा अध्यक्ष के रूप में वर्ष 1994 में प्रारंभ हुआ, जिसमें श्री राव ने बेरोजगार युवाओं की चिंता की व ग्रामीणजनों की मूलभूत सुविधाओं, विकास के उल्लेखनीय कार्य किये। वर्ष 2007 में नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा विधानसभा सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए श्री राव वर्ष 2009 में होशंगाबाद वर्तमान नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़े और पहली बार सांसद बने। जिसके बाद उनकी विजय यात्रा निर्बाध रही और वे लगातार वर्ष 2014 और 2019 में लोकसभा का लगभग 6 लाख मतों से ऐतिहासिक चुनाव जीते और अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया। हाल ही में संपन्न हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से संघर्षपूर्ण व चुनौतीपूर्ण चुनाव में रिकॉर्ड 58000 मतों से जीत दर्ज कर श्री राव ने अपनी विजय यात्रा में एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया और नरसिंहपुर जिला सहित संपूर्ण महाकौशल क्षेत्र में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। आमजनों व कार्यकर्ताओं के बीच सहज रहने वाले श्री राव अपने चुनावी कौशल के लिए क्षेत्र भर में सदैव चर्चित रहे हैं।

सांसद के रूप मैं अपने उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए उन्हें पार्टी नेतृत्व ने महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रमुख वक्ता के रूप में नामित कर एवं कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एशोसियेशन (सीपीए) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में भारत देश की ओर से प्रतिनिधि नामांकित कर गौरवपूर्ण अवसर प्रदान किया। बतौर सांसद श्री राव को लोकसभा की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी स्थाई समिति, रेल विभाग की परामर्श दात्री समिति, भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग एवं परमाणु ऊर्जा विभाग की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। संसदीय क्षेत्र के विकास से लेकर देश में कानून बनाए जाने पर अपनी बात संपूर्ण ताकत के साथ सदन के समक्ष रखे जाने के साथ साथ उन्होंने नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के 98 फीसदी ग्रामों तक पहुंचकर संपूर्ण सक्रियता के साथ अपने जनप्रतिनिधि होने के दायित्व का निर्वहन किया।

सांसद कार्यालय में लोगों की समस्याओं का शालीनता, तत्परता व संवेदनशीलता से निराकरण करने वाले सांसद श्री राव के कार्यालय में प्रति रविवार सैंकड़ों की तादाद में क्षेत्र के लोग एकत्र रहे हैं, जो क्षेत्रवासियों में उनकी लोकप्रियता व विश्वसनीयता का प्रमाण है। श्री राव को मप्र सरकार के मंत्री के रूप में चयनित किए जाने पर क्षेत्र की जनता व भारतीय जनता पार्टी परिवार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, देश के गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मप्र के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित समस्त भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार जताया है।

## महापौर ने एनसीएपी के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**उज्जैन।** महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा मंगलवार को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर पालिक निगम द्वारा किए जा रहे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यो के साथ ही सौन्दर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि एनसीएपी के तहत प्राप्त राशि का पूर्ण उपयोग करते हुए किए जा रहे कार्यो को गुणवत्ता के साथ करवाते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए एवं कार्यो से जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया जाए।

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के साथ ही विभिन्न घटकों के लिए 3.7 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं साथ ही सवा करोड़ की राशि से विभिन्न झोन अंतर्गत फुटपाथ निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहे हैं।

महापौर द्वारा नगर वन के संबंध में चर्चा करते हुए जानकारी प्राप्त की गई जिसमें बताया गया कि नगर वन में 53 प्रजाति के पौधे फॉरेस्ट विभाग द्वारा लगाए जाएंगे जिसमें 15 पौधे लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है महापौर द्वारा निर्देश किया गया कि नगर वन में सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा गार्ड के साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं ताकि किसी प्रकार की घटना ना हो साथ ही जो निर्माण कार्य किए गए हैं उनको नुकसान ना पहुंचे।

महापौर द्वारा निर्देशित किया गया कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु निगम द्वारा जो स्थान चयनित किए गए हैं एवं जो कार्य किया जा रहे हैं वह अच्छे उच्च गुणवत्ता से होना चाहिए, भारत सरकार से जो राशि प्राप्त हुई है उसका सही जगह उपयोग हो यही प्राथमिकता हो साथ ही जहां-जहां काम चल रहे हैं उनका भी निरीक्षण करवाया जाए जहां काम हो गया है एवं जहां कार्य किया जाना है इसकी सूची भी उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में एमआईसी सदस्य श्री शिवेंद्र तिवारी, अधीक्षण यंत्री श्री आर.आर. जारोलिया, उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री के श्री अनिल जैन, सहायक यंत्री श्रीमती विधुरानी कौरव एवं समस्त झोन के झोनल अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवज्योति सेवा संस्थान अपना 17 वां स्थापना दिवस मूक बधिर बच्चों के साथ मनायेगा

**खरगोन।** स्थानीय लोकप्रिय चेरिटेबल एन जी ओ नवज्योति सेवा संस्थान अपना 17 वां स्थापना दिवस शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बादितार्थ विद्यालय के 60 बच्चों के साथ 9 जनवरी 2024 (मंगलवार, दोपहर 12 ञ्30 बजे ) को मनायेगा। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी शैलेंद्र सेन व कु. शीतल पंवार ने संयुक्त रूप से जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि उक्त पुनीत आयोजन में मूक - बधिर तथा दृष्टि बाधित छात्र - छात्राओं को स्वल्पाहार, मोटिवेशन स्पीच, संगीत आयोजन व आवश्यक सामग्री (आना पेटी एवं छात्रों के लिए पुस्तक बॉक्स) सस्नेह भेंट की जाएगी द्य कार्यक्रम प्रभारी शैलेंद्र सेन, कार्यक्रम आयोजक भुवानीराम वर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक विकास सोनी होंगे द्य संस्थान के संरक्षक सदस्य विद्वान अधिवक्ता पं. के. पी. त्रिपाठी, संस्थापक लखनलाल पगारे, संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पगारे, सचिव डॉ. बसंती सांवले, डायरेक्टर सचिन जैन, संरक्षक सुबोध नागर, जनाब नाजिम नज़र साहब, मो.अनीस खान साहब,संजय कुमार पगारे, राजेश सेन, प्रेमनारायण व्यासपत, इंदौर से डाबर बरवाहे, अंजड़ से राकेश वर्मा, समाज सेवी प्रकाश प्रजापति ,

## बीपीएल कार्ड के लिए 6 माह से तहसीलदार के चक्कर लगा रही है जहांगीरपुरा की गरीब महिलाऐं

**सीहोर। जहांगीरपुरा गांव में अनेक परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने को मजबूर है। गांव की महिलाऐं बीते छा माह से बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसीलदार सीहोर के चक्कर काट रही है। उक्त महिलाऐं मंगलवार को भी समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंची और गरीबी रेखा राशन कार्ड प्रदान करने की मांग की।**



समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने बताया की जहांगीरपुरा में कई वर्षो से अनेक परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे है यह के नागरिक कच्चे मकानों में रह रहे है गरीब परिवारों को सरकारी राशन तक नहीं मिल रहा है। गरीबी रेखा का राशन कार्ड नहीं होने से शासन की अनेक योजनाओं का लाभ भी उक्त परिवारों को नहीं मिल रहा है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील के नेतृत्व मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय और तहसील कार्यालय में इस संबंध में आवेदन भी दिया है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने कहा की तहसील कार्यालय पहुंची महिलाओं से तहसीलदार ने मिलने से भी इंकार कर दिया बीते छा माह से तहसीलदार गरीब तबके की महिलाओं को इसी प्रकार परेशान कर रहे है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने जिला प्रशासन से जहांगीरपुरा गांव में समस्या समाधान और गरीबी रेखा राशन कार्ड बनाने की लिए केंप लगाने की मांग की है अगर मांग पूरी नहीं की जाती है तो आगामी मंगलवार को सैकड़ों महिलाओं के साथ तहसील कार्यालय का घेराव करेंगे जिस की समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं में आरती, मनीषा, यशोदा, प्यारेलाल, पुष्पा, लेखाराम, शोभा, राकेश, गुलाबबाइ, विनोद, मानू, सिकंदर, डाली, प्रदीप, ललिता, अजय, भगवती, मनोज, रीना, नंदकिशोर, माया, योगेश, गीता, ओमप्रकाश, कामिनी, नीरज, रचना, राकेश, आरती, बंटी, रेखा, धीरज आदि शामिल रहे।

## स्कूल में हुए बेहतर नवाचारों से प्रभावित होकर दी सामग्री



**सालीचौका नरसिंहपुर।** गत दिवस क्षेत्र के सांईखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पाली (खैरी) की शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को ठंड से बचाव हेतु गाडरवारा के सराफा व्यापारी मनोज जैन के सौजन्य से स्वेटर एवं पढ़ाई हेतु शिक्षण सामग्री वितरित की गई। शाला में सरस्वती वंदना उपरांत हुए कार्य म में शाला के प्रधानपाठक सिराज अहमद सिद्दिकी एवं प्राथमिक शिक्षक ब्रजेश श्रीवास की उपस्थिति में बीआरसी गिरीश पटैल, बीएसी योगेन्द्र झारिया एवं पवन राजौरिया ने बच्चों को स्वेटर एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर स्वागत भाषण में सिराज अहमद सिद्दिकी ने कहा कि मनोज जैन जी हमारी शाला में हुए नवाचारों से बेहद प्रभावित थे। इसीलिए उन्होंने बच्चों के हितार्थ स्वेटर एवं शिक्षण सामग्री दी है। बीआरसी गिरीश पटैल ने कहा कि ग्राम पाली की इस शाला ने बेहतर नवाचारों के जरिये सफलता के आयाम स्थापित किए है। कार्य म में शाला के अनेक बच्चे उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पाली की शासकीय प्राथमिक शाला में हुए नवाचारों एवं बेहतर कार्यो को जिले की कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, डीईओ एच पी कुर्मी, डीपीसी आर पी चतुर्वेदी एवं डाइट प्राचार्य सुंदरलाल धुर्वे भी सराहना कर चुके है।

## हाथीताल कॉलोनी पानी टंकी क्षेत्र और रामलीला मैदान अधारताल में आयोजित शिविरों में सैंकड़ो हितग्राही हुए लाभांवित

**जबलपुर। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज भी शहर के दो क्षेत्रों हाथीताल कॉलोनी पानी टंकी क्षेत्र एवं रामलीला मैदान शासकीय स्कूल अधारताल में आयोजित किये गए। शिविर में केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी शामिल हुए और शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को अपनी उपस्थिति में दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं से कोई पात्र वंचित न रहे।**



उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गो को लाभांवित करने की सोच को के साथ योजनाएँ संचालित कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री की सर्वहितैशी सोच के परिणाम स्वरूप ही सार्थक हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन की कोई भी योजना हो हर पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिलना चाहिए, जरूरतमंद को कोई भी असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, शासन की हर एक कल्याणकारी योजना हमारे हितग्राही भाइयों बहनों को समर्पित है। उन्होंने इस अवसर पर शिविर में पहुंचे हजारों हितग्राहियों और लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया। विधायक श्री रोहाणी ने अपने उद्बोधन में शासन की अन्य आने वाली कल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी।

इस शिविर में हजारों क्षेत्रीय नागरिकों और हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला। केंद्र सरकार की संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा को सार्थक स्वरूप प्रदान करने केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी पूरे समय शिविर में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे, और हर योजनाओं की जानकारी सीधे मंच से देकर सबको लाभ पहुंचा। शिविर में आए हितकारी से उन्होंने चर्चा की और जन-जन तक केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुंचाने तथा पत्र हितकारी को लाभान्वित करने का संकल्प भी फिर से दोहराया।

शिविर का निरीक्षण के उपरांत केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने रथ को वार्ड के कॉलोनियों में रवाना किया जहाँ पर लोगों को जागृति रथ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी घर-घर दी जायेगी। इस संबंध में विधायक श्री रोहाणी ने सभी हितग्राहियों से चर्चा की और जन-जन तक केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुँचाने तथा पात्र हितग्राहियों को लाभांवित कराने का संकल्प लिया।

## वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव की छह पुस्तकों का हुआ विमोचन

**सालीचौका नरसिंहपुर।** बीते दिवस महावीर भवन गाडरवारा में चेतना सामाजिक संस्था के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा लिखित 6 पुस्तकों जिनमें सागर किनारे (नाटक), सुरमई नाद (व्यंगकार उपन्यास, सच हुए सपने (बाल उपन्यास), सीरेगाव वाली काकी (कहानी उपन्यास), सनकी बऊ (कहानी संग्रह), खबरों की खबना (व्यंग संग्रह) का विमोचन का कार्यक्रम किया गया । इस विमोचन कार्यक्रम के बाद वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा लिखित पुस्तकों की संख्या 51 हो जाएगी जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। शहर ही नही जिले और समूचे मध्यप्रदेश में कुशलेंद्र श्रीवास्तव साहित्य जगत में एक बड़ा नाम है साथ ही 51 पुस्तकों के विमोचन के बाद एक रिकॉर्ड ही नही गाडरवारा क्षेत्र और नरसिंहपुर जिले के लिए एक दस्तावेज बन गया है जो अमिट है।











कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में वरिष्ठ साहित्यकार भगवान प्रसाद उपाध्याय प्रयागराज, वरिष्ठ साहित्यकार सतीश चंद्र मिश्र चित्रकूट, स्थानीय विधायक व कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, गाडरवारा नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, गाडरवारा पूर्व विधायक साधना स्थापक, चेतना समूह से मिनेंद्र डागा शामिल रहे । मुख्य अतिथियों में राव उदय प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाडरवारा श्रेष्ठ जनों की नगरी है जिसने भगवान रजनीश, महर्षि महेश योगी जैसे विश्वविख्यात विचारकों को जन्म दिया। पूर्व विधायक साधना स्थापक ने अपने उद्बोधन में कहा की हम प्रत्येक वर्ष शहर में अनेक कृतियों का विमोचन करते आ रहे हैं। यह साहित्य ही है जो समाज को सही राह दिखता है। चेतना के वरिष्ठ संरक्षक मिनेंद्र डागा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रचनाकार की रचनाधर्मिता और साहित्य पर प्रकाश डाला और चेतना की सम्मान परंपरा से उपस्थित जनों को अवगत कराया। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने साहित्य को समाज का वास्तविक पथ पर दर्शन बताते हुए विमोचित किताबें के मुख्यअंशों पर विचार रखें। प्रयागराज से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार भगवान प्रसाद उपाध्याय ने गाडरवारा की बृहद साहित्यिक परंपरा का की प्रशंसा करते हुए अपने विचार रखे। वही चित्रकूट से पधारे वर्ष साहित्यकार सतीश चंद्र मिश्र ने 51 कृतियां के विमोचन पर शुभकामनाएं देते हुए शहर की साहित्यिक विरासत पर अपने विचार रखें।

**इनका हुआ सम्मान :** चेतना परिवार के द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं जिनमे अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, मानव सेवा संघ, हेल्पिंग हैंड, और हिंदू उत्सव सेवा समिति का सम्मान कार्यक्रम के दौरान किया गया।

# इस्राइली सेना बोली- हमास को खत्म करने का शॉर्टकट नहीं, कई और महीने चलेगा युद्ध

**तेल अवीव। पश्चिमी एशिया में मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है। बीते सात अक्तूबर को हुए आतंकी हमलों के बाद इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष बीते ढाई महीने से अधिक समय से जारी है। इस्राइल डिफेंस फोर्सेज ने हमास के आतंकी ठिकानों को लगातार निशाना बनाया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, युद्ध में दोनों पक्षों को मिलाकर अब तक 20 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।**



कई खबरों में फलस्तीनी आवाम के मारे जाने का भी दावा किया गया है। ताजा घटनाक्रम में इस्राइली सेना प्रमुख हर्जी हलेवी ने कहा, युद्ध जल्द खत्म होने के कोई आसार नहीं हैं। लड़ाई महीनों तक चलेगी, क्योंकि आतंकी संगठन हमास को खत्म करने का कोई शॉर्टकट नहीं है।

हलेवी ने कहा, आतंकवादी संगठन- हमास को खत्म करने का कोई जादुई समाधान नहीं है। इसका कोई शॉर्टकट नहीं है। सेना दृढ़ संकल्प के साथ लगातार लड़ाई लड़ रही है। एक सप्ताह लगे या महीनों लग जाएं। सेना हमास के आतंकी आकाओं को भी नेस्तनाबूंद करेगी। इस्राइली सेना प्रमुख का बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त राष्ट्र ने गहराते मानवीय संकट को लेकर चिंता जताई है। खबर के अनुसार, युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में बीते दो दिनों में इस्राइली हवाई हमलों में 100 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। इस पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार रात इस्राइली सेना के हवाई हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व डच मंत्री को गाजा में अपना मानवीय समन्वयक नामित किया। एक्स पर पोस्ट में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा, हम इस्राइली सेना की बमबारी से गंभीर रूप से चिंतित हैं। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हमले में 100 से अधिक फलस्तीनियों की जान जा चुकी है। यूएन ने कार्रवाई के दौरान संयम की नसीहत देते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस्राइली सेना को सभी उपलब्ध और संभव उपाय अपनाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा पट्टी पर रहने वाले लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापन का शिकार हुए हैं। कई लोग दक्षिणी इलाके की तरफ भागने पर मजबूर हुए हैं। युद्धग्रस्त इलाकों और उसके आस-पास फंसे नागरिक पानी, भोजन, ईंधन और दवा की कमी से पीड़ित हैं। इसी बीच जीरो टॉलरेंस और कोई नरमी न दिखाने पर अटल इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल में बयान दिया। इस ऑप-एड में उन्होंने शांति बहाली और युद्धविराम के लिए तीन शर्तों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमास को नष्ट किया जाना चाहिए, गाजा में तैनात सेना हटाई जानी चाहिए और फलस्तीनी समाज को कट्टरपंथ से मुक्त किया जाना चाहिए।

### पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री को बड़ा झटका

# अदियाला जेल से रिहाई के बाद फिर गिरफ्तारी

**लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को फिर गिरफ्तार किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उपाध्यक्ष रहे कुरैशी को गुप्त राजनयिक केबल यानी सिफर मामले में जमानत मिली थी। पिछले हफ्ते उच्चतम न्यायालय से मिली जमानत के बाद बुधवार को कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर फिर से गिरफ्तार कर लिया गया।**



खबरों के अनुसार कुरैशी ने दोबारा गिरफ्तारी का भरपूर विरोध किया। टीवी पर प्रसारित वीडियो और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा पीटीआई की फुटेज में 67 वर्षीय पूर्व विदेश मंत्री को जोर-शोर से विरोध करते देखा गया। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक कुरैशी ने पुलिस की कार्रवाई को अवैध करार दिया। वीडियो में पंजाब पुलिस की वर्दी पहने अधिकारी कुरैशी को बख्तरबंद पुलिस वाहन में धकेलते देखा जा सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर पोस्ट वीडियो में पीटीआई ने कहा कि सिफर मामले में जमानत पर रिहाई के बाद कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर से फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पार्टी ने कहा कि रावलपिंडी के उपायुक्त हसन वकार चीमा ने मंगलवार को कुरैशी की 15 दिन की हिरासत का आदेश वापस ले लिया।

पूर्व विदेश मंत्री पर हुई कार्रवाई और पीटीआई के आरोपों पर पाकिस्तान की पुलिस ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। पुलिसकर्मी जब पीटीआई नेताओं को जबरन खदेड़ रहे थे तो कुरैशी के साथ-साथ उनके समर्थकों ने भी अवैध रूप से गिरफ्तार किए जाने का आरोप लगाते सुने गए। कुरैशी ने कहा कि पुलिस सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का मखौल उड़ा रही है। पाकिस्तान में क्रूरता और अन्याय चरम पर है। उन्होंने कहा, वे मुझे फिर से झूठे मामले में गिरफ्तार कर रहे हैं। मैं देश का प्रतिनिधित्व करता हूं और निर्दोष हूं। राजनीतिक बदला लेने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। इससे पहले पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ-साथ उनके सहयोगी कुरैशी को सिफर मामले में जमानत दी थी। दोनों को एक-एक मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जमानत बॉन्ड जमा करने का निर्देश भी दिया गया। पिता के खिलाफ कार्रवाई पर कुरैशी की बेटी ने कहा था कि उन्हें रिहाई की पूरी उम्मीद है, क्योंकि किसी अन्य मामले में उनकी गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है। खबर के मुताबिक मंगलवार को कुरैशी का परिवार जमानत के लिए मुचलके का भुगतान करने अदियाला जेल पहुंचा था। हालांकि, रोबकर (रिहाई आदेश) मिलने से पहले ही रावलपिंडी के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) हसन वकार चीमा ने सार्वजनिक व्यवस्था का रखरखाव (एमपीओ) कानून की धारा 3 के तहत 15 दिन की हिरासत का आदेश जारी कर दिया।

## राम मंदिर में होगा 14 फीट चौड़ा परकोटा, भव्य मंदिर में है 392 खंबे



**नई दिल्ली।** अयोध्या में बने रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से पहले मंदिर में जोरों पर तैयारी की जा रही है। राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम से पहले 27 दिसंबर को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मानचित्र के बारे में जानकारी साझा की है। चंपत राय ने एक वीडियो के जरिए पूरे मंदिर का नक्शा सामने रखा है। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण 70 एकड़ भूमि के उत्तरी भाग पर हो रहा है जहां तीन मंजिला मंदिर का निर्माण कार्य जोर-शोर से जारी है। मंदिर की भूतल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि पहली मंजिल में कार्य जारी है। इस वीडियो में श्री चंपत राय ने राम मंदिर की विशेषताएं भी बताई है। चंपत राय के अनुसार राम मंदिर भारतीय परंपरा, तकनीक और भव्यता का प्रतीक बन गया है। मंदिर भवन में लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है। उसके साथ ही नींद के ऊपर भी कंक्रीट का उपयोग नहीं हुआ है।

## चीन में 1951 के बाद रिकॉर्ड की गई लंबी शीतलहर

**नई दिल्ली। चीन के बीजिंग में 1951 के बाद सबसे लंबी शीतलहर दर्ज की गई। बीजिंग के नानजियाओ मौसम केंद्र में रविवार को तापमान शून्य डिग्री तापमान दर्ज किया गया। चीन के स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी।**



स्थानीय मीडिया ने बताया, 11 दिसंबर को पहली बार तापमान शून्य डिग्री से नीचे चला गया था। तापमान 300 घंटों पर इस रेखा से नीचे ही रहा। इस महीने चीन के कई हिस्सों में तेज शीत लहर चली। इस शीत लहर के कारण चीन के केंद्रीय प्रांत हेनान में कई सिस्टम विफलताएं देखने को मिली। जियाओजुओ में शुक्रवार को वनफैंग पावर प्लांट में खराबी के बाद हीटिंग आंशिक रूप से रुक गई थी, लेकिन शनिवार को इस परेशानी से राहल मिली।

पुयांग और पिंगडिंगशन में के कई सरकारी इमारतों और राज्य के स्वामित्व वाले उद्योगों में भी शुक्रवार से हीटिंग में कटौती गई, जिससे की अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय भवनों में हीटिंग संसाधनों को प्रथमिकता दी जाए। राजधानी बीजिंग में कड़ाके की ठंड पहले से ही शुरू हो चुकी है। इससे शहर की मेट्रो प्रणाली में भी समस्याएं शुरू हो गई है। इस महीने की शुरुआत में बर्फीली परिस्थितियों के कारण एक मेट्रो लाइन पर दो ट्रेनों की टक्कर हो गई थी, जिसमें सैकड़ों यात्रियों और टूटी हड्डियों वाले दर्जनों लों को अस्पताल ले जाया गया था।

## दूतावास के पास संदिग्ध विस्फोट के बाद इजराइल ने भारत में नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली। इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को नई दिल्ली में इजरायली दूतावास के पास कथित बम विस्फोट के बाद भारत में रहने वाले इजरायली नागरिकों के लिए एक सलाह जारी की है, जिसमें उन्हें भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने के लिए कहा गया है।**



गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस को दूतावास के पास एक संदिग्ध विस्फोट की सूचना मिली थी, लेकिन वहां ऐसा कुछ नहीं मिला।

हालांकि, पुलिस ने कहा कि विस्फोट के बाद सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्धों को देखा गया है और दोनों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी में इजरायली दूतावास के पास इजरायली राजदूत को संबोधित एक पत्र भी मिला। दिल्ली पुलिस ने फोरेंसिक साक्ष्य के लिए प्रासंगिक साक्ष्य भेजे हैं। भारत में इजराइल के उप राजदूत ओहद नकाश कयनार ने मंगलवार को कहा कि इजराइल दूतावास के कर्मचारी और राजनयिक सुरक्षित हैं और उनकी सुरक्षा टीमें मामले की आगे की जांच कर रही हैं।

## पीएम हसीना ने स्मार्ट बांग्लादेश बनाने का किया दावा, चुनाव से पहले घोषणा पत्र में किए ये वादे

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले वर्ष जनवरी में आम चुनाव है। जिसके मद्देनजर सभी राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली हैं। तमाम राजनीतिक दल रैली, सभाओं के जरिए बांग्लादेश के नागरिकों को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। लगातार राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी घोषणाओं का एलान किया जा रहा है। इसी बीच, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ अवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना ने अपनी पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है। सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए जारी घोषणा पत्र में शेख हसीना की पार्टी ने स्मार्ट बांग्लादेश बनाने का वादा किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों के साथ अवामी



लीग का घोषणा पत्र जारी करते हुए शेख हसीना ने कहा कि आइए, एक बार फिर हमें अवामी लीग के चुनावी चिह्न पर वोट देकर आपकी सेवा करने की अनुमति दें। उन्होंने कहा कि आप हमें वोट दें और हम आपको विकास, शांति और समृद्धि देंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी बयानबाजी में विश्वास नहीं करती हैं। हम जो वादा करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं। 2008 के चुनावी घोषणा पत्र में हमने विजन 2021 तक के योजनाओं को पूरा करने का वादा किया था। हमने 2014 और 2018 में जीत हासिल कर देश से जुड़ी कई बाधाओं को दूर किया है। बता दें अवामी लीग ने घोषणापत्र में स्मार्ट बांग्लादेश विकास दिख रहा है, अब रोजगार बढ़ेगा पर फोकस किया। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में एक आधुनिक, प्रौद्योगिकी उन्मुख देश के निर्माण के लिए 11 प्राथमिकताएं निर्धारित कीं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य प्रणाली के साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को आधुनिक बनाने का संकल्प लिया। इसी दौरान, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी चुनाव (बीएनपी) चुनाव विरोधी सड़क अभियान चला रही है।

## डॉक्टर बना राक्षसः इलाज के दौरान सर्जन ने 82 साल की बुजुर्ग को मारे घूंसे

**बीजिंग।** अक्सर कहा जाता है कि भगवान डॉक्टर का दूसरा रूप होते हैं। लोग अपनी समस्या का इलाज ढूंढने के लिए या तो भगवान के द्वार पर जाते हैं या डॉक्टर के पास। लेकिन अगर इन्हीं का खतरनाक रूप सामने आ जाए तो कितना खौफनाक होगा। दरअसल, चीन के एक अस्पताल का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक सर्जन इलाज के दौरान 82 साल के बुजुर्ग महिला को मुक्का मारता दिखाई दे रहा। रिपोर्ट के अनुसार, चीन में एक बुजुर्ग महिला आंख की सर्जरी के लिए अस्पताल आई थी। उसे डॉक्टर ने एनेस्थीसिया दिया। इसके बावजूद बुजुर्ग महिला लगातार अपनी स्थानीय बोली में बात कर रही थी। सर्जरी के दौरान डॉक्टर की चेतावनियों को भी समझ नहीं पा रही थी। इसी पर सर्जन भड़क गया और महिला के सिर पर कम से कम तीन-चार मुक्के मार दिए। यह चौंकाने वाली घटना 2019 में चीन के गुइगैंग के एक अस्पताल में हुई थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। घटना का वीडियो डॉक्टर आई फेन ने हाल ही में साझा किया था, जिसके बाद यह वायरल हो गया।

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी करेंगे अयोध्या का दौरा

**नई दिल्ली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन किया जाना है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर है। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या का दौरा करने वाले है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण करने पहुंच रहे है।



इस दौरान एयरपोर्ट के मुख्य द्वार से निकल कर मोदी गेट नंबर तीन से रामनगरी के लिए रवाना होंगे। राम नगरी में उनका 15 किलोमीटर लंबा रोड शो आयोजित होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले उनके स्वागत के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस कड़ी में इंजीनियरों की ड्यूटी लगाई गई है जो आवागमन मार्ग को बेहतर बना रहे है। बैरिकेडिंग के लिए जूनियर इंजीनियरों को लगाया गया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या एयरपोर्ट से एनएच 27 से होकर धर्म पथ से लता मंगेश्कर चौक से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुचेंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आगमन पर रामलला के दर्शन भी कर सकते है। एयरपोर्ट के पास ही उन्हें जनसभा को भी संबोधित करना है। इस सभा के आयोजन के लिए मंच, पंडाल निर्माण के लिए भी इंजीनियर जुटे हुए है। प्रधानमंत्री के इस दौरे के संबंध में पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद है। अयोध्या पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद करने के सभी इंतजाम कर लिए है। इसके तहत स्थानीय निवासियों का सत्यापन हो रहा है। यहां तक कि इस दौरान अयोध्या में किसी व्यक्ति का रिश्तेदार भी आता है तो पुलिस को इसकी सूचना देनी होगी।

## राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से मुंबई तक कांग्रेस की 'भारत न्याय यात्रा' 14 जनवरी से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को घोषणा की है कि पार्टी नेता राहुल गांधी की अगुवाई में 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई(पूरब से पश्चिम) तक 'भारत न्याय यात्रा' निकाली जाएगी। पार्टी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित की जाने वाली यह यात्रा 67 दिन में 14 राज्यों और 85 जिलों से होकर गुजरेगी। 'भारत न्याय यात्रा' के दौरान लगभग 6,200 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने सात सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी। गांधी की 136 दिन की इस यात्रा में 12 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरते हुए 4,081 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान ''आर्थिक असमानताओं, ध्रुवीकरण और तानाशाही'' के मुद्दों को उठाया था, वहीं 'भारत न्याय यात्रा' में देश के लोगों के लिए आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

# जयशंकर ने अपने समकक्ष लावरोव से की चर्चा, ब्राइवेंट गुजरात में रुसी प्रतिनिधित्व के आने की जताई उम्मीद

मॉस्को। पांच दिवसीय दौर पर पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूसी एमएफए रिसेप्शन हाउस में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते काफी मजबूत, स्थिर हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम दोनों देश विशेष रणनीतिक साझेदारी पर खरे उतरे हैं। एक वर्ष में हम तकरीबन छह बार मुलाकात कर चुके हैं और मेरी और मेरे समकक्ष लावरोव की यह सातवीं मुलाकात हैं। दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व लगातार



एक-दूसरे के सम्पर्क में हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनवरी में होने वाले वाइब्रेंट गुजरात बैठक में एक मजबूत रूसी भागीदारी की हमें उम्मीद हैं। हम कई क्षेत्रों के अपने द्विपक्षीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेंगे। वहीं इस दौरान जयशंकर ने कहा कि मॉस्को में रहना हमेशा से सुखद रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं आपसे सहमत हूं कि हमारे रिश्ते हमेशा मजबूत और स्थिर रहे हैं।

वहीं रूस के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मॉस्को में अपने समकक्ष भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का स्वागत किया, जिसके बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता शुरु हुई। रूस द्वारा साझा पोस्ट के मुताबिक, दो महान देशों के बीच होने वाली बैठक में दुनिया में बदलती परिस्थितियों और मांगों पर चर्चा की जाएगी, साथ ही अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक स्थिति, संघर्ष और तनाव पर चर्चा करेंगे।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता पर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि आर्थिक और निवेश को गहरा करने के लिए कई समझौते हुए हैं। हमने हमारे बहुपक्षीय मदद पर ध्यान दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थायी सदस्य बनने को लेकर रूस समर्थन करता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस संबंध बेहद प्रगाढ़ हैं। ये रिश्ते रणनीतिक अभिसरण, भू-राजनीतिक हितों पर आधारित हैं। ब्रिक्स सहित कई अतंरराष्ट्रीय मुद्दों के संबंध में राजनीतिक सहयोग पर चर्चा करने का समय है। हमने मौजूदा दोनों देशों के तथ्य की सराहना की।

### पदभार संभालने से पहले नए राष्ट्रपति का बड़ा फैसला

# पांच हजार सरकारी कर्मचारियों की छंटनी की

**ब्यूनस आयर्स। क्रिसमस के बाद मंगलवार को अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति जेवियर माइली की सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राष्ट्रपति का पदभार संभालने से पहले ही सरकार ने कहा है कि उसने इस साल काम पर रखे गए पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों के अनुबंध को खत्म कर दिया है।**



उनका यह ताजा कदम मुश्किल दौर से गुजर रही देश की अर्थव्यवस्था को बदलने की दिशा में उठाया गया है। यह उनके द्वारा घोषित कटौती और अवमूल्यन की एक व्यापक योजना का हिस्सा है। धुर दक्षिणपंथी नेता माइली ने इसी महीने 10 दिसंबर को देश के नए राष्ट्रपति के रूप में पद की शपथ ली है। उनके शपथ ग्रहण समारोह में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेर बोलसोनारो और इस्राइल के विदेश मंत्री एली कोहेन भी शामिल हुए थे। इसके अलावा अधिकारियों ने कहा कि 2023 से पहले काम पर रखे गए अन्य सरकारी कर्मचारियों के अनुबंधों की समीक्षा की जाएगी। साल के अंत में महंगाई करीब 200 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। माइली ने सरकारी नियमों, निर्यात और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों के रूप में सरकार द्वारा संचालित उद्योगों का निजीकरण करने की अनुमति देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य देश को पुनर्निर्माण के रास्ते पर ले जाना, लोगों की आजादी और स्वायत्ता को लौटाना और उन नियमों को बदलना है जो देश के आर्थिक विकास को बाधित करते हैं। नए राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार कई सरकारी कंपनियों को निजीकरण के लिए चिह्नित करेगी। इन कदमों में अर्जेंटीना पेसा का पचास फीसदी अवमूल्यन, उर्जा और परिवहन सब्सिडी में कटौती और कुछ सरकार मंत्रालयों को बंद करना शामिल है। 53 वर्षीय माइली अपने आपत्तिजनकर बयानों से टेलीविजन चैनलों की सुर्खियों में रहे हैं। वह एक अर्थशास्त्री और पूर्व राजनीतिक कमेंटेटर रहे हैं, जिन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान अर्जेंटीना की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव का वादा किया था।



सात जन्मों का साथ वाकई सात जन्मों तक बना रहें, इसके लिए जरूरी है कुछ बातों का ख्याल रखना, ताकि आपके रिश्तों में प्यार की मिठास और खुशियां बनी रहें। बातचीत में हमेशा अदब व शिष्टाचार रखें। हर पति-पत्नी में मतभेद और तकरार होते ही हैं, लेकिन हर बात पर अड़ियल रवैया न अपनाएं। हर समस्या को बातचीत से सुलझाएं।

# कामयाब शादी के टिप्स





- पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास पर टिका होता है, इसलिए अपने रिश्ते में शक को कोई जगह न दें।
- गृहस्थी में हर चीज की योजना बनाएं, बचत, निवेस ही नहीं, शिशु आगमन भी, वरना कई बार अनचाहा गर्भ भी तकरार बढ़ा देता हैं।
- परफेक्ट कोई भी नहीं होता और न ही इसकी उम्मीद करें। दूसरे को गलतियों के बावजूद प्यार करना ही सही मायने में प्यार है।
- जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे। तुम दिन को अगर रात कहो रात कहेंगे वाला फार्मूला अपनाएं।
- घर को ऑफिस न बनाएं। अपने साथी को समय दें।
- यह जरूरी नहीं कि आप पति की जेब में गिनकर नोट डालें और पति भी पाई-पाई का हिसाब मांगे। दोनों को कुछ खर्चे अकेले करने का हक है और एक-दूसरे से सफाई नहीं मांगनी चाहिए।
- एक-दूसरे को सरप्राइज तो दें, पर झटके न दें। ऐसे फैसले जिसका असर दोनों पर पड़ता हो, उसे अकेले कभी न लें। पहले आप अपने फैसले अकेले लेते थे, पर अब पत्नी आपकी भागीदार है ये न भूलें।
- आजकल की व्यस्त लाइफ में जब पति-पत्नी के काम के घंटे तय नहीं होंते, ऐसे में खराब माहौल बनता जा रहा हैं।
- घर-गृहस्थी में पति-पत्नी अपने दूसरे पारिवारिक रिश्तों की बुराई करते ही हैं, लेकिन इसे हर बार की लड़ाई का मुद्दा न बनाएं।
- अधिकतर झगड़े पैसे को लेकर ही होते हैं बेहतर होगा कि अपने खर्च, बचत व निवेश की योजना पहले ले ही बना लें और फिजूल के झगड़े से बचें।
- सॉरी कहना बुरी बात नहीं और न ही माफ करना मुश्किल काम है। इससे कोई झगड़ा आगे बढ़ ही नहीं पाएगा।
- रिश्तों में ईमानदारी बरतें। ईमानदारी रूपए-पैसे की ही नहीं, भावनाओं की भी जरूरी हैं। परस्पर विश्वास धीरे-धीरे ही पनपता हैं।

# जब पड़ोसन बन जाए सहेली



फुर्शत के समय आप अपनी पड़ोसन से सिलाई, कढ़ाई, बुनाई आदि के अच्छे नमूने सीख सकती हैं। अनेक प्रकार के व्यंजन, जो आप बनाना नहीं जानती, अपने पड़ोसन से सहज सीखने का अवसर आपके पास होता है। खरीदारी व अन्य दूसरे कामों के वक्त आप पड़ोसन के साथ जाकर पड़ोसन के अनुभव से किफायती और अच्छी खरीदारी कर सकती है।

गृहिणियों अधिकतर समय अपने घर आंगन की देख-भाल व अन्य रसोई आदि के कामों मे ही बीत जाता हैं फिर भी पति अपने दफ्तर व बच्चे स्कूल चले जाते है तब खाली समय मे बतियाने व गपशप करने या अपने मन की बात कहने और कुछ सुनने को बड़ा जी करता हैं। यह तभी संभव होता है जब अपने पड़ोसनों से आपके संबंध मधुर हों। एक अच्छी व समझदार पड़ोसन बन कर जहां आप स्वयं प्रशंसा व आदर की पात्र बन सकती हैं वही ऐसे मधुर संबंध आपके आड़े वक्त में भी काम आ सकता हैं।

फुर्शत के समय आप अपनी पड़ोसन से सिलाई, कढ़ाई, बुनाई आदि के अच्छे नमूने सीख सकती हैं। अनेक प्रकार के व्यंजन, जो आप बनाना नहीं जानती, अपने पड़ोसन से सहज सीखने का अवसर आपके पास होता हैं। खरीदारी व अन्य दूसरे कामों के वक्त आप पड़ोसन के साथ जाकर पड़ोसन के अनुभव से किफायती और अच्छी खरीदारी कर सकती हैं। साथ ही खरीदारी की बोरियत भी आपको महसूस नहीं होगी। कभी-कभी बहुत प्रयास करने पर भी आप अपनी पसंद को निश्चित नहीं कर पाती हैं, तब पड़ोसन ही आपकी अच्छी सलाहकार साबित हो सकती हैं। अचानक जब आपके घर मेहमान आ जाऐ तो घर की कुछ कमियों को पड़ोसन ही दूर कर सकती हैं। शादी-विवाह या अन्य खुशियों के मोको पर अपनी पड़ोसन की मदद से छोटे-मोटे कामों को आप शीघ्रता से निपटा सकती हैं। इससे आपसी संबंध प्रगाढ़ होते है। जहां एक अच्छी पड़ोसन का संग पाना आसान है वही एक अच्छी पड़ोसन बन कर दिखना भी चुनौतीपूर्ण कार्य हैं। आपस में लड़-झगड़ कर और मन-मुटाव पैदा करके जहां आपको कलहपूर्ण और वैमनस्य के वातावरण में रहना पड़ सकता है वही मधुर संबंधों और सहयोगात्मक व्यवहार से आप किसी भी स्थान को स्वर्ग-सा बना सकती हैं।

# बालों का गिरना अब नो प्रॉब्लम

सर धोते समय व कंघी करते समय अक्सर सभी लोगों के बाल थोड़े-थोड़े तो बाल गिरते व टूटते ही हैं। प्रतिदिन तो थोड़े बालों का गिरना तो आम बात है पर अधिक गुस्सों के रूप में गिरना समस्या हैं। अक्सर बाल किन कारणों से गिरते हैं आइए जानते हैं

- उचित पौष्टिक आहार न लेने से।
- हार्मोन में असंतुलन होने से।
- लम्बी बीमारी होने के बाद में।
- बालों की उचित देखभाल न करने से।
- बालों को कंस कर बांधने से।
- बालों में हेयर पिन, क्लिप व हेयर बैंड अधिक समय तक लगाने से।
- तनावग्रस्त व डिप्रैशन में रहने से।
- बालों पर कैमिकल्स का अधिक प्रयोग करना जैसे कलर लगाना, ब्लीच करना आदि।
- बालों में बार-बार इलैक्ट्रिकल कर्लर के प्रयोग से, हेयर ड्रायर के अत्यधिक प्रयोग से।
- डिलेवरी के बाद व वंशानुगत के कारण।

# बच्चों को जीने दें बचपन

*मां-बाप का अपने बच्चों को आलराउंडर बनाने का सपना उन्हीं के बच्चों के लिए एक सजा बनता जा रहा है। वे चाहते है कि उनका बच्चा पढ़ाई में तो अच्छा करें ही साथ ही अपने एक्स्ट्रा करिक्यूलर एक्टिविटिज में भी वे बेहतर प्रदर्शन करें। यही वजह है कि अब बच्चों में एक नये डिसऑर्डर ने जन्म लेना शुरू कर दिया हैं। मां-बाप का तर्क कहना है कि उनकी ख्वाहिश है कि उनके बच्चे हर तरह की एक्टीविटी में हाथ आजमायें और ये सुनिश्चित करें कि उनकी रूचि किसमें है ताकि उसी आधार पर उनका भविष्य निर्धारित हो सके।*



बच्चों को उनका बचपन जीनें दें। उससे उनका बचपन न छीनें। टेनिस क्लास, म्यूजिक क्लास, ट्यूशन स्विमिंग सेशन और टीवी पर शिक्षा संबंधी कार्यक्रम आदि से बच्चों को जोड़ना चाहिए। जी हां, ये सब एक आठ साल के बच्चे की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। लगता है, बच्चे तो बड़ों से भी व्यस्त हो चुके हैं। मां-बाप का अपने बच्चों को आलराउंडर बनाने का सपना उन्हीं के बच्चों के लिए एक सजा बनता जा रहा हैं। वे चाहते है कि उनका बच्चा पढ़ाई में तो अच्छा करें ही साथ ही अपने एक्स्ट्रा करिक्यूलर एक्टिविटिज में भी वे बेहतर प्रदर्शन करें। यही वजह है कि अब बच्चों में एक नये डिस्ऑर्डर ने जन्म लेना शुरू कर दिया हैं। मां-बाप का तर्क कहना है कि उनकी ख्वाहिश है कि उनके बच्चे हर तरह की एक्टीविटी में हाथ आजमायें और ये सुनिश्चित करें कि उनकी रूचि किसमें हैं ताकि उसी आधार पर उनका भविष्य निर्धारित हो सके।

अध्यापकों का कहना है कि घर पर खाली बैठे रहने से अच्छा है कि बच्चों की दिनचर्या को व्यस्त कर दिया जाये। इस संबंध में विशेषज्ञों का मानना है कि संयुक्त परिवार के जमाने में बच्चे स्कूल से आने के बाद अपने दादा-दादी या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपना वक्त गुजारते थे, मगर आज मां-बाप दोनों ही नौकरीपेशा हैं। ऐसे में बच्चे घर पर अकेले हो जाते हैं। यदि बच्चा खाली समय बिताने की बजाय कोई एक्टिवीटी ही कर ले तो क्या बुराई हैं। आगे ही इसका फायदा ही होगा।

# हनुमाजी की वीरता अतुलनीय हैः अदा शर्मा



द कश्मीर फाइल्स की एक्ट्रेस अदा शर्मा ने अपने पसंदीदा सुपर हीरो के बारे में बात की है। एक्ट्रेस से इसके बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहाः हनुमाजी की वीरता उनकी विनम्रता, उनकी ताकत और एकनिष्ठ भक्ति, उनके ध्यान, ज्ञान अतुलनीय है! वह उत्कृष्ट संगीतकार थे। वह छोटी मक्खी से लेकर पहाड़ के आकार के सुनहरे शरीर तक कोई भी रूप धारण करने की शक्ति रखते थे। एक्ट्रेस ने कहा, वह मेरा सुपरहीरो है। अदा हाल ही में रिलीज़ कमांडो सीरीज़ में भावना रेड्डी की भूमिका निभा रही हैं। अदा ने हाल ही में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए एक वीडियो साझा किया था जो ऑनलाइन वायरल हुआ। इसके अलावा 1920 में उनका सबसे लोकप्रिय सीन, जो उनकी पहली फिल्म थी, में हनुमान चालीसा का पाठ करना था। एक्ट्रेस को द केरल स्टोरी में उनकी भूमिका के लिए सराहना मिली थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

# सामंथा ने न्यूयॉर्क से तस्वीर की शेयर



साउथ की एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। एक्ट्रेस को रितु कुमार के शानदार आउटफिट में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भावुक नोट शेयर करके बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत द बिग एप्पल से की थी। नोट में सामंथा ने बताया कि कैसे न्यूयॉर्क शहर उसके लिए बेहद खास है। वहां अपनी पहली फिल्म की शूटिंग से लेकर यहां सुर्खियां बटोरने तक, उन्होंने निश्चित रूप से एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, वो कहते हैं कि न्यूयॉर्क वह जगह है जहां सपने बनते हैं। मैंने अपने करियर की शुरूआत में पहली फिल्म की शूटिंग यहां की थी... एक डरी हुई छोटी लड़की, जिसे कुछ भी पता नहीं था कि वह इसे कैसे करेगी... लेकिन बड़े सपने देखने की हिम्मत रखती है! आज, 14 साल बाद। वर्तमान में सामंथा ने एक्टिंग से ब्रेक लिया हुआ है। वह ऑटो-इम्यून बीमारी मायोसिटिस से पीड़ित हैं और अपने हेल्थ पर ध्यान दे रही हैं।

# शूटिंग के बाद माधुरी ने रेडो को लिया था गोदः अमिताभ



एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने ने म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा हम आपके हैं कौन की शूटिंग के बाद कुत्ते रेडो को गोद लिया था। यह खुलासा किया है मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने। केबीसी में बिग बी ने गुजरात के अहमदाबाद से आए कंटेस्टेंट कुणाल सिंह डोडिया से पूछा, फिल्म हम आपके हैं कौन में कौन सा जानवर अंपायर के रूप में काम करता है? ऑप्शन थे - एक हाथी, एक पक्षी, एक बिल्ली और एक कुत्ता। कुणाल ने सही उत्तर दिया, इसका जवाब कुत्ता था। इसके बाद बिग बी कहते हैं, रेडो एक भारतीय स्पिट्ज कुत्ता है। उसने सूरज बड़जात्या की ब्लॉकबस्टर फिल्म हम आपके हैं कौन में टफी की भूमिका निभाई थी। एक सीन में इसे क्रिकेट मैच में अंपायर के रूप में दिखाया गया था। वहीं शूटिंग खत्म होने के बाद माधुरी दीक्षित ने कुत्ते को गोद ले लिया था। हम आपके हैं कौन 1994 में सूरज बड़जात्या द्वारा लिखित और निर्देशित और राजश्री प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित फिल्म है। फिल्म में निशा की भूमिका में माधुरी दीक्षित और प्रेम की भूमिका में सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। रेडो ने टफी की भूमिका निभाई, जो प्रेम का पालतू डॉगी था।

# हैले और केंडाल की नाइट आउट की तस्वीरे हुई आउट



हाल ही में हालीवुड एक्ट्रेस हैले बिबर और केंडाल जेनर संता मोनिका में दोनों बेस्ट फ्रेंड गोल्स सेट करती दिखीं। दोनों फ्रेंड्स की नाइट आउट की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। दरअसल, हैले बीबर और केंडल जेनर को बीते शनिवार सांता मोनिका के जार्जिया बाल्डी में नाइट आउट एंजॉय करते करते देखा गया। इस दौरान दोनों एक्ट्रेसेस ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते हुए बेस्ट फ्रेंड गोल्स देती दिखीं। एक साथ दोनों हसीनाओं का ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आया। लुक की बात करें तो इस दौरान हैले बीबर ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस के साथ मैचिंग हील्स पहने बेहद गॉर्जियस लगीं। इस लुक को उन्होंने कैजुअल मेकअप और हाई बन से कंप्लीट किया। दूसरी ओर केंडल जेनर भी ब्लैक बॉडीकोन ड्रेस में ग्लैमरस दिखीं। हाई मैसी बन और न्यूड मेकअप से लुक को कंप्लीट करती एक्ट्रेस का इस दौरान अंदाज देखते ही बना। फैंस हैले और केंडल की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं।

# सुष्मिता की ताली की रवीना ने की प्रशंसा

मशहूर बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने सुष्मिता सेन स्टारर वेब सीरीज ताली के एक सीन का जिक्र करते हुए प्रशंसा करते हुए कहा, बात में दम है बॉस। रवीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक सीन का स्नैपशॉट शेयर किया, जिसमें स्क्रीन पर सुष्मिता दिख रही हैं और उनका डायलॉग फ्लैश हो रहा है, इस देश को ज्यादा पालक मां की जरूरत है मोहरा फेम एक्ट्रेस ने शो की निर्माता अफीफा नाडियाडवाला सईद को बधाई दी और कहा, बधाई हो अफीफा सुलेमान नाडियाडवाला! बात में दम है बॉस! अफीफा ने रवीना के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, लव यू सो मच अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी निशानदार द्वारा निर्मित और रवि जाधव द्वारा निर्देशित, ताली साहस और बदलाव की कहानी है। यह जियोसिनेमा पर स्ट्रीमिंग है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रवीना आखिरी बार वन फ्राइडे नाइट में नजर आई थीं। उनकी अगली फिल्म घुड़चढ़ी है।




# दर्शकों का प्यार सबसे अच्छा अहसास : यामी गौतम



नवोदित एक्ट्रेस यामी गौतम ने कहा कि मैं इस बात पर विश्वास करती हूं कि एक अभिनेता का काम खुद बोलता है। वह इसी प्रकार की स्वीकृति चाहती हैं। यामी की फिल्मोग्राफी में 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली फिल्में बाला, उरी - द सर्जिकल स्ट्राइक और अक्षय कुमार स्टाटर लेटेस्ट फिल्म ओह माय गॉड 2 शामिल हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अपनी फिल्म को दर्शकों से इतना प्यार मिलता देखना सबसे अच्छा एहसास होता है। सारी मेहनत और समर्पण रंग लाती है। इससे बड़ी कोई अनुभूति नहीं है। मैं अपनी फिल्मों को लगातार मिल रहे प्यार और समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। मैंने हमेशा कहा है कि एक अभिनेता का काम खुद बोलता है, और मैं कई और फिल्मों और बॉक्स ऑफिस की सफलता के लिए इसी तरह की स्वीकृति चाहती हूं। ओएमजी 2 भारतीय स्कूलों में यौन शिक्षा के बारे में एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जिसे अमित राय ने लिखा और निर्देशित किया है। यह 2012 में रिलीज हुई ओएमजी- ओह माय गॉड का आध्यात्मिक सीक्वल है और इसमें अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम हैं।

# थ्रिलर द फ्रीलांसर में डॉक्टर खान की भूमिका है अनुपम खेर



दिलचस्प थ्रिलर द फ्रीलांसर में डॉक्टर खान की भूमिका निभा रहे अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी तैयारी के सबसे मुश्किल हिस्से के बारे में खुलासा किया है। इस फिल्म में कश्मीरा परदेशी के साथ एक्टर मोहित रैना और अनुपम खेर भी लीड रोल में है। अनुपम ने कहा कि मुझे इसमें बहुत सारी लाइन्स और बहुत सारे टेक्निकल एक्सप्रेशन और शब्द सीखने पड़े। नीरज पांडे के डायलॉग्स बहुत ही क्रिस्प और प्वाइंटिड हैं। यह खुशी भी है और कठिन बात भी, क्योंकि इसमें इनोशन्स कम होते हैं। मुझे डायलॉग तब याद आते हैं जब उसमें इमोशन्स शामिल होते हैं। यह कठिन था लेकिन यह फायदेमंद भी था।द फ्रीलांसर में सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस, सारा जेन डायस सहित अन्य कलाकार हैं। एक्ट्रेस कश्मीरा परदेशी आलिया की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। यह 1 सितंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगी। बता दें कि यह सीरीज शिरीष थोराट की किताब- ए टिकट टू सीरिया पर आधारित है। यह भाव धूलिया द्वारा निर्देशित है, फ्राइडे स्टोरीटेलर्स द्वारा निर्मित है और नीरज पांडे निर्माता और शोरनर हैं।

# सोनम ने बेटे का पहला जन्मदिन मनाया

बालीवुड एक्टर अनिल कपूर की बेटी एक्ट्रेस सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने बेटे वायु कपूर आहूजा का पहला जन्मदिन मनाया।इस खास अवसर पर उनके परिवार वाले भी मौजूद थे। कपल ने दिल्ली स्थित घर पर वायु के फर्स्ट बर्थडे की एक झलक शेयर की। सोनम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली फोटो में सोनम और आनंद घर में पूजा के दौरान वायु को पकड़े हुए हैं। एक फोटो में पूरा परिवार एक फ्रेम में है।सोनम ने वायु के साथ हंसते और खेलते हुए भी एक फोटो अपलोड की है। सोनम सलवार सूट में बेहद खूबसूरत दिखीं। सोनम ने कैप्शन में लिखा, हमारा बेटा 1 साल का हो गया। हमने परिवार के साथ एक पूजा और दोपहर का भोजन किया। हमें आशीर्वाद देने के लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।卐 कार्यक्रम में सोनम के पिता दिग्गज एक्टर अनिल कपूर और मां सुनीता कपूर, आनंद के परिवार के सदस्यों के साथ शामिल हुए।



# आमिर की दोनों पत्नियों नजर आई एकसाथ



फैंस को एक्टर आमिर खान की पर्सनल लाइफ में भी काफी दिलचस्पी रहती है। आमिर ने दो शादियां की हैं। पहली शादी उन्होंने रीना दत्ता और दूसरी शादी किरण राव के साथ की थी। हालांकि आमिर का दोनों पत्नियों से तलाक हो चुका है, लेकिन इस बीच वे दोनों एक साथ नजर आईं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में किरण और रीना हंसते-खिलखिलाते नजर आईं। ये मौका था आमिर के भाई मंसूर खान की बुक वन - द स्टोरी ऑफ द अल्टीमेट मिथ की लॉन्चिंग का। दोनों ने पैपराजी के सामने पोज दिए। इस दौरान रीना ब्लू और व्हाइट कलर के कुर्ते में थीं। उन्होंने एक ग्रीन बैग कैरी किया हुआ था। किरण ने हल्के ग्रीन कुर्ते के ऊपर ब्लू जैकेट पहना था। बता दें कि आमिर खान तीन दशक से भी ज्यादा समय से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। वे बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक फिल्में दे चुके हैं। हर काम को पूरी शिद्दत के साथ अंजाम देने के कारण उन्हें मिस्टर परफेक्शनिस्ट नाम दे दिया गया।

# मोनालिसा की लेटेस्ट फोटोज ने बढा दिया पारा

भोजपुरी सिनेमा मशहूर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लू कलर की प्रिटेंड स्कर्ट के साथ ब्लू कलर का स्ट्रैपी प्लेन टॉप पहने हुई हैं। इस टॉप का गला काफी ज्यादा डीप है। वहीं, मोनालिसा ने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों को ओपन करके लाइट मेकअप किया हुआ है। तस्वीरों में मोनालिसा कभी सीढ़ियों पर बैठकर किलर पोज देती नजर आईं। मोनालिसा का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनके फैंस ने उनकी इस पोस्ट पर ढेरों तारीफों भरे कमेंट किए हैं। बता दें कि मोनालिसा अब तक 125 भोजपुरी फिल्में कर चुकी हैं और इसके साथ ही हिन्दी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ये 2016 में बिग बॉस सीजन 10 की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं।



# काला रंग पसंद करने वालों का दिमाग रंगीन : काजोल



बालीवुड एक्ट्रेस काजोल ने एक फोटो शेयर किया जिसमें वह लॉन्ग स्लीव्स वाला गाउन पहने नजर आ रही हैं। काजोल की ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों में वह साइड पोज देती नजर आ रही हैं। वह काफी ग्रेसफुल लग रही हैं। उन्होंने बालों को खुला छोड़ा हुआ है और नेक चेन से अपने लुक को पूरा किया है। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मनोवैज्ञानिक कहते है कि जो लोग ब्लैक कलर पसंद करते हैं उनका दिमाग सबसे रंगीन होता है। इस पर आप क्या कहते है? पोस्ट पर फैंस ने कमेंट सेक्शन पर तारीफों के पुल बांधे। हर कोई काजोल के लुक की तारीफ कर रहा था। वर्क फ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार लस्ट स्टोरीज़ 2 में देवयानी के रूप में देखा गया था। उन्होंने द ट्रायल- प्यार कानून धोखा में भी अभिनय किया, जो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग एक कानूनी ड्रामा है। उनकी अगली फिल्म सरजमीन और दो पत्ती हैं।

# चिरंजीवी ने पोती को गोद में लेकर क्लिक कराई फोटो

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेगास्टार चिरंजीवी 68 साल के हो गए।



उन्होंने अपना जन्मदिन अपने परिवार के बीच मनाया। इस मौके पर वे अपनी नवजात पोती क्लिन कारा कोनिडेला को गोद में लिए हुए नजर आ रहे हैं। राम और उपासना ने चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर इंस्टाग्राम पोस्ट किया। तस्वीर में चिरंजीवी कैमरे के सामने मुस्कुरा रहे हैं। उन्होंने क्लिन कारा कोनिडेला को गोद में लिया हुआ है। बच्ची के चेहरे को छिपाया हुआ है। लेकिन, देखा जा सकता है कि बच्ची ने वाइट और पाउडर पिंक कलर की ड्रेस पहनी है। कैप्शन में लिखा है, हमारे सबसे प्यारे चिरुथा चिरंजीवी थाथा (दादा) को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हमारी और कोनिडेला परिवार के सबसे छोटे सदस्य की ओर से ढेर सारा प्यार। चिरंजीवी की लेटेस्ट रिलीज़ भोला शंकर है, जो 11 अगस्त को गदर 2, ओएमजी 2 और जेलर के साथ रिलीज हुई थी।

### हाथीताल कॉलोनी पानी टंकी क्षेत्र और रामलीला मैदान अधारताल में आयोजित

# शिविरों में सैंकड़ो हितग्राही हुए लाभांवित

**जबलपुर। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज भी शहर के दो क्षेत्रों हाथीताल कॉलोनी पानी टंकी क्षेत्र एवं रामलीला मैदान शासकीय स्कूल अधारताल में आयोजित किये गए। शिविर में केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी शामिल हुए और शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को अपनी उपस्थिति में दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं से कोई पात्र वंचित न रहे।**



उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गो को लाभांवित करने की सोच को के साथ योजनाएँ संचालित कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री की सर्वहितैशी सोच के परिणाम स्वरूप ही सार्थक हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन की कोई भी योजना हो हर पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिलना चाहिए, जरूरतमंद को कोई भी असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, शासन की हर एक कल्याणकारी योजना हमारे हितग्राही भाइयों बहनों को समर्पित है। उन्होंने इस अवसर पर शिविर में पहुंचे हजारों हितग्राहियों और लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया। विधायक श्री रोहाणी ने अपने उद्बोधन में शासन की अन्य आने वाली कल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी।

इस शिविर में हजारों क्षेत्रीय नागरिकों और हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला। केंद्र सरकार की संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा को सार्थक स्वरूप प्रदान करने केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी पूरे समय शिविर में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे, और हर योजनाओं की जानकारी सीधे मंच से देकर सबको लाभ पहुंचा। शिविर में आए हितकारी से उन्होंने चर्चा की और जन-जन तक केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुंचाने तथा पत्र हितकारी को लाभान्वित करने का संकल्प भी फिर से दोहराया। शिविर का निरीक्षण के उपरांत केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने रथ को वार्ड के कॉलोनियों में रवाना किया जहाँ पर लोगों को जागृति रथ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी घर-घर दी जायेगी। इस संबंध में विधायक श्री रोहाणी ने सभी हितग्राहियों से चर्चा की और जन-जन तक केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुँचाने तथा पात्र हितग्राहियों को लाभांवित कराने का संकल्प

### सफाई कर्मचारी डेऊस कोड में नहीं मिलने पर जुर्माना किया

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को मेघदूत वन पार्किंग, चार धाम मंदिर पार्किंग, हरसिद्धि मंदिर, शेर चौराहा, नृसिंह घाट इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था देखी। एवं सफाई कर्मचारीयों के ड्रेस कोड में नही पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधी कम्पनी पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने महाकाल क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि यहां बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं का आगमन होता है इसलिए यहां की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, नियमित रूप से सफाई की जाए साथ ही यहां के दुकान व्यवसाईयों को भी अपनी दुकान के आस-पास सफाई रखने की समझाईश दी जाए। चार धाम मंदिर से लेकर शेर चौराहा हरसिद्धि मंदिर तक ठेले गुमटियों वालों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उन्हें सख्ती से हटवाया जाए ताकि आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो साथ ही चारधाम मंदिर पर बेरी केटिंग की जाए ताकि बड़े वाहन क्षेत्र में प्रवेश न करें जिससे जाम की स्थिति

### जनसुनवाई में आये 30 आवेदन

# मौके पर ही समस्याओं का निराकरण

**बड़वानी।** जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग ने 30 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा मौके पर ही हो सकने वाली समस्याओं का निराकरण कराया। जबकि मांगो से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर परीक्षण कराने एवं उपयुक्त पाये जाने पर उसे आगामी कार्य योजना में सम्मलित करने के भी निर्देश निर्माण एजेंसियो के पदाधिकारियो को दिये।



**अनुकम्पा नियुक्ति दिलवाई जाये :** जनसुनवाई में एकलव्य कालोनी बड़वानी निवासी श्री लोकेश पंवार ने आवेदन देकर बताया कि उनके पिता जगदीश पंवार भू-अर्जन पुनर्वास कार्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत थे। सेवा में रहते हुये 04 अक्टूबर 2021 को उनका आकस्मिक निधन हो गया । मेरे द्वारा 10वी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर ली गई है। अब उन्हें नियमानुसार अनुकम्पा नियुक्ति दिलवाई जाये ।

इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग ने आवेदन को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी की स्थापना शाखा को भेजकर आवेदन का परीक्षण कर निराकरण करने के निर्देश दिये ।

**खेत में जाने का रास्ता दिलवाया जाये :** जनसुनवाई में ग्राम बघाडी निवासी श्री रूखड़िया पिता भीमा धनगर ने आवेदन देकर बताया कि पटवारी हल्का नम्बर 06 में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 117 में भूमि राजस्व रेकार्ड में दर्ज है। उक्त भूमि पर बैलगांडी, पैदल जाने हेतु रास्ता नहीं है। अत: उक्त भूमि पर जाने हेतु रास्ता दिलवाया जाये।

इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग ने आवेदन को एसडीओ राजपुर को भेजकर आवेदन का परीक्षण कर निराकरण करने के निर्देश दिये ।

**आधार कार्ड में सुधार करवाया जाये :** जनसुनवाई में जोगवाडा रोड सेंधवा निवासी श्रीमती रूखसार पति तोसिफ खान ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पुत्र जीशान खान के आधार कार्ड में किसी अन्य व्यक्ति का फोटो एवं मोबाईल नम्बर दर्ज हो गया है। इस कारण मेरे पुत्र को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अत: उक्त आधार कार्ड में हुई त्रुटि को दुरूस्त करवाया जाये । इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग ने आवेदन को ई-गर्वनेश बड़वानी को भेजकर आवेदन का परीक्षण कर निराकरण करने के निर्देश दिये।

# समाज की प्रतिभा युवा युवतियो का सम्मान



**बड़वानी।** श्रीगौड मालवीय ब्राह्मण समाज बड़वानी मे प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी भारत र महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयती आज श्रीगौड मालवीय ब्राह्मण धर्मशाला मे समाजजनो ने शाम 5 बजे बडी धूमधाम से मनाई जिसके अंतर्गत समाजजनो मे कुछ वक्त ।ओं ने पंडित मदनमोहन मालवीय के जीवन पर प्रकाश डाला ।इस कार्य म मे समाज की प्रतिभा युवा युवतियो ने जिसने पी एच डी और एल एल एम और मार्शल आर्ट मे गोल्ड मेडल मिला है उन सभी का सम्मान किया विशेष अतिथि श्री आदित्य उपाध्याय इन्दौर एव मच सचालन सुश्री प्राची जोशी ने किया कार्य म का संचालन दिलीप शुक्ला, सतीश जोशी युवा साथियो के सहयोग से किया।आभार श्रीगौड मालवीय ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष मनोज पुरोहित किया। जिन प्रतिभागीयो का सम्मान किया उन के नाम डॉ क्षमा शर्मा, डॉ नुपुर जोशी ,डॉ पायल जोशी ,डॉ नेहा पंडित, डॉ श्याम नाईक, डॉ प्रसन्ना पुरोहित। एल एल एम मे ऋषि जोशी ,मार्शल आर्ट की नन्ही बालिकाओ का नाम सुश्री आरना पुरोहित, आरित्री पुरोहित का सम्मान मोमेंट, सम्मान प्रत्र एव पुष्पहार से सभी का स्वागत किया गया ।

# वीर बाल दिवस पर धार विधायक श्रीमती वर्मा ने गुरुद्वारे पर टेका मत्था, साहिबजादों के बलिदान को किया याद

**धार।** नमन है उनको जिनके सामने बौना हिमालय,जो धरा पर गिर पड़े पर आसमानी हो गये हैं। वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुसिग सभा गुरुद्वारा चिटनिस चोक नालछा दरवाजा में धार विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा ने मत्था टेक गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के साहिबजादों की पवित्र स्मृति में आयोजित अरदास कार्यक्रम में भाग लिया तथा मत्था टेक सबकी खुशहाली की कामना की। भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद से यह दिन वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। य ?ह दिन गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को समर्पित है।धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने कहा कि सिख परम्परा के दसवें गुरु,



गुरु गोविन्द सिंह जी ने भारत को मुगलों से मुक्त कराने वह धर्म के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया। लेकिन बर्बर मुगलों के सामने घुटने नहीं दिए। साहिबजादों का पावन बलिदान युगों-युगों तक राष्ट्र और धर्म की रक्षा हेतु हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। उनके शौर्य, वीरता, समर्पण और बलिदान को उन्होंने नमन किया। इस दौरान सिख समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा किए स्नेहपूर्ण स्वागत व सम्मान हेतु सभी का आभार एवं धन्यवाद भी ज्ञापित किया। भाजपा नगर अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, कालीचरण सोनवानिया, दीपक बिडकर, सनी होड़ा,जयराज देवड़ा,कैलाश पिपलोदिया, रॉकी आहूजा, अनिल राठौड़, राजेश हारोड, पुरुषोत्तम चौहान, करण पटेल, चंद्रशेखर राठौर, नितिन चौहान, प्रतिभा शर्मा, अनुसूया वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आदिवासी समुदाय को नहीं मिल रहा शासकीय योजना का लाभ



मोहनगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत दरगाय कला का कोडिया गांव जहां आजादी के 75 साल बाद भी आदिवासी समुदाय को नहीं मिल रहा शासकीय योजना का लाभ कपड़ों के शौचालय में चल रहे हैं काम ना तो रहने के लिए मकान है नहीं खेती के लिए जमीन ऐसी स्थिति में आदिवासी लोग क्या करें सरपंच सचिव द्वारा आवास से लेकर शौचालय तक के लिए पैसे की मांग की जाती है यहां तक की शौचालय में दो 2000 दिए गए वहां के महिलाओं एवं पुरुषों ने बताया की अनाज की पर्ची सहित कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा जबकि सरकार की ओर से आदिवासियों के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाई गई है उनका जीवन यापन मुश्किल से गुजर रहा है प्रशासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो उनकी हालत दिन पर दिन खराब हो जाएगी

## भोज उद्यान स्थल पर किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



**धार।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज 99वीं जयंती है। उनकी जयंती को देश सुशासन दिवस के तौर पर मनाता है। सोमवार को आदर्श रोड़ स्थित भोज उद्यान स्थल पर किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन । इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री रतन पाटीदार, मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास शर्मा,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, किसान मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री शांतिलाल शर्मा,कमलेश विजवा. मिठ्ठू लाल चावड़ा, महेश कदम. विजय प्रजापत. शैलेंद्र चौरसिया. विशाल राठौर. देवांग पवार. धर्मेंद्र वाघेला. हरीश आर्य. प्रवीण टाक, प्रकाश चंद्र आदि भाजपा कार्यकर्ता कार्य म में उपस्थित थे । जानकारी किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी रितेश अग्निहोत्री दी।

# क्रिकेट खेल प्रतियोगिता हुआ आरम्भ पहले दिवस के मैच में टी.आई. इलेवन कि टीम रही विजेता

### नगर पालिका अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षा कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ खेल

**बिजुरी। नगर के माईनस कालोनी स्थित राजीव रतन गांधी खेल मैदान में क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आरम्भ मंगलवार 26 दिसम्बर से प्रारम्भ हो गया है। प्रथम दिवस प्रारम्भ हुऐ इस मैच में बतौर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षा ने? खेल मैदान में बल्ला एवं गेंद खेलकर जहां उपस्थित खिलाड़ियों का हौसला बढाऐ वहीं मैच प्राराम्भ करने के लिऐ हरी झण्डी भी दिखाऐ।**



प्रथम दिवस के मैच में मौहरी-11 एवं टीआई-11 के बीच हुआ मुकाबला- माईनस कालोनी स्थित राजीव रतन गांधी खेल मैदान में शुरु हुयी मैच में प्रथम दिवस का मुकाबला मौहरी-11 एवं टीआई-11 के बीच खेला गया। 12 ओव्हर के इस मैच में मौहरी-11 कि टीम ने टास जीतकर जहां गेंदबाजी करने का निर्णय लिया वहीं टीआई-11 कि टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 12 ओव्हर के इस मैच में 144 रन बनाने में कामयाब रहे। वहीं जवाबी पारी खेलने मैदान में उतरे मौहरी-11 कि टीम कुल ओव्हर में 96 रन बनाकर ही आल आउट हो गए। प्रथम दिवस के क्रिकेट प्रतियोगिता के खेल में टीआई-11 के लवकुश को मैन आफ द मैच चुना गया। जिन्होने महज 15 बाल में तूफानी पारी खेलते हुऐ 47 रन बनाने में कामयाबी पायी।

# संचालित जुआ फड़ पर बिजुरी पुलिस ने कि कार्यवाही

### 03 जुआरी सहित नगद 05 हजार रुपए कि हुयी बरामदगी

**बिजुरी। थानाक्षेत्र में लम्बे समय से जगह बदल-बदलकर ताश के पत्तों का खेल जुआरियों द्वारा खेला जा रहा था। जिसकी जानकारी गाहे-बगाहे बिजुरी पुलिस को मिलता रहा है। बिजुरी पुलिस भी उक्त जुआरियों पर कार्यवाई करने को आतुर थे। किन्तु जुआरियों के मजबूत सूचना तंत्र के आगे बिजुरी पुलिस का हर दाव-पैंतरा असफल साबित होने लगा था। लिहाजा जुआरियों के हौसले बुलंद एवं खेल चर्मोत्कर्ष पर रहा।**



**25 दिसम्बर कि रात मुखबिर से मिला पुख्ता जानकारी**- प्रत्येक दिन कि तरह ही सोमवार 25 दिसम्बर कि रात्रि बेखौफ जुआरी, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर में पूरी व्यवस्था के साथ बावन परी के खेल में हार जीत का दाव लगा रहे थे। जिसकी पुख्ता जानकारी मुखबिर द्वारा बिजुरी पुलिस को दी गयी। जानकारी मिलते ही बिजुरी पुलिस द्वारा जुआ के अड्डे में पहुंचकर उक्त जुआरियों पर कार्यवाही की गयी।

**तीन जुआरियों सहित 05 हजार रुपये कि हुयी बरामदगी**- उक्त स्थल पर जुआ खेलने के दौरान मुकेश शर्मा उम्र 48 वर्ष पिता एम.एल. शर्मा निवासी वार्ड नं. 10 बिजुरी, संतोष रजक उम्र 42 वर्ष एवं शंकर रजक उम्र 32 वर्ष पिता रामप्यारे रजक, निवासी सब्जी मंडी मनेन्द्रगढ़, राधेश्याम महंत पिता स्व. पीतन दास महंत उम्र 34 वर्ष निवासी शिविल लाइन वार्ड नं 18 मनेन्द्रगढ छ.ग. को गिरफ्तार करते हुऐ उनके पास से कुल 5000 रुपए एवं ताश के पत्ते बरामद किया गया। एवं सभी आरोपियों पर पब्लिक गेम्बलिंग (म.प्र.) एक्ट 1976 अन्तर्गत धारा 13 के तहत कार्रवाई की गयी है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से जिले वासियों में उत्साह

# शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी की दी जा रही

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर रूप से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। गाँव-गाँव पहुंचने पर यात्रा का अपार उत्साह से स्वागत किया जा रहा है। संकल्प यात्रा के माध्यम से शत प्रतिशत हितग्राहियों तक भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों की भीड़ उमड़ रही है तथा हितग्राहियों में अपार उत्साह भी देखा जा रहा है।



बुधवार को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत हरद तथा बदरा, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत बर्री तथा चकेठी, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बैहाटोला तथा कटकोना एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत मेढाखार तथा सालरगोंदी में शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण जनों को अनेक विभागीय योजनाओं और कार्यक्रम की जानकारी दी गई। यात्रा के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी गई।

यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थी हितग्राहियों ने उन्हें मिले लाभ की जानकारी ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के रूप में सभी को सुनाई। ग्रामीणों को ''हमारा संकल्प विकसित भारत'' की प्रतिज्ञा भी दिलायी गई।




एजेंसी देनी

शासन प्रशासन एवं जन-जन की आवाज बनकर प्राथमिकता से खबरों में आपके के बीच 15 वर्षो से लगातार अग्रसर






क्षेत्र में एजेंसी देनी है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें आपके अपने क्षेत्र के लिए

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक- डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715